RNI No.
RJBIL/26/A5611

जयपुर, राजस्थान
मौसम
अधिकतम 35.0°C | न्यूनतम 26.0°C
सूर्योदय 6:04 AM | सूर्यास्त 6:52 PM

दैनिक
खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी
# ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

वर्षः 01 | अंकः 47 | पृष्ठः 8 | मूल्यः ₹2.00 | जयपुर, सोमवार 31 अगस्त, 2026 | जयपुर, राजस्थान | राज्यः 01 | अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक)

## धौलपुर में डूबते भाई को बचाने के लिए तीन बहनों ने तालाब में छलांग लगाई, चारों की मौत

जूम न्यूज़

धौलपुर। राजस्थान के धौलपुर जिले में रविवार सुबह एक दुखद घटना हुई। गहरे पानी में गिरे अपने भाई को बचाने की कोशिश में तीन बहनों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना में चारों की जान चली गई। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से पूरा गांव सदमे में है और उनके रिश्तेदार गहरे गम में हैं। यह घटना धौलपुर जिले के अंगई पुलिस स्टेशन इलाके के धौंध बिरजा गांव में हुई। परिवार के सदस्य स्थानीय देवता हीरामन बाबा के मंदिर जाने के लिए गांव के पास आए थे। जानकारी के मुताबिक, तीन बहनें पूजा करने मंदिर गई थीं, जबकि उनका भाई नहाने के लिए पास के तालाब की ओर गया था। जब बहनों को अपना भाई दिखाई नहीं दिया और उन्हें एहसास हुआ कि वह पानी में है तो वे तालाब की ओर दौड़ीं और उसे डूबते हुए पाया। उसे बचाने की कोशिश में तीनों बहनें तालाब में उतर गईं। तालाब में पानी ज्यादा होने और गहराई के कारण भाई और तीनों बहनें डूब गईं। मृतक भाई की पहचान नथुआ पुरा निवासी 23 वर्षीय भोलू उर्फ रवि के तौर पर हुई है।

## विजेता दहिया की CJP में होगी वापसी? अभिजीत दीपके ने दिया बड़ा संकेत, प्रवक्ता पद से हटाने को लेकर क्या बोले?



जूम न्यूज़

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित छात्र आंदोलन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) की प्रवक्ता विजेता दहिया को पद से हटा दिया गया था। इसके बाद अब इस मामले में CJP के संस्थापक अभिजीत दीपके की बड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। उनका कहना है कि विजेता दहिया की वापसी पर विचार किया जाएगा। उन्होंने उस दिन की घटना को याद करते हुए कहा कि वह बेहद संवेदनशील था। इसके साथ ही दीपके ने दहिया की तारीफ करते हुए कहा कि वह अच्छी व्यक्ति हैं, लेकिन उनकी टाइमिंग गलत थी। उस दिन ऐसा नहीं होना चाहिए था। छात्र आंदोलन के दौरान विजेता दहिया एक फास्ट-फूड आउटलेट पर दिखाई दी थीं। इसी दिन प्रदर्शनकारियों पर दिल्ली पुलिस की ओर से लाठीचार्ज किया जा रहा था। इसके बाद दहिया का वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। इसी बीच उनकी और पार्टी की खूब आलोचना हुई। इसके बाद अभिजीत दीपके ने कार्रवाई करते हुए उन्हें पद से हटा दिया था। इस मामले में दहिया ने अपनी सफाई में कहा था कि कुछ लोगों ने उन्हें रोका था और दो बार धक्का भी दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि वह इस वजह से नाराज थीं कि कुछ लोगों ने उन्हें मिस्टर प्रेमानंद को 'महाराज' कहकर पुकारने से इनकार करने पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद उन्होंने आंदोलन के दौरान खाए गए बर्गर को लेकर भी सफाई दी थी। अभिजीत दीपके ने बीबीसी हिंदी से बातचीत करते हुए कहा कि विजेता दहिया की वापसी पर मंथन किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने आंदोलन का मुख्य चेहरा रहे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को लेकर कहा, 'आंदोलन खत्म होने के बाद भी बात हुई। लोग कहते हैं कि मैंने उन्हें मैनिपुलेट करके अनशन पर बैठाया। वो वैज्ञानिक हैं, क्या मैं उन्हें मैनिपुलेट कर सकता हूं? वो स्मार्ट हैं, उनका खुद का फैसला था।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं उन्हें पूरे टाइम कहता रहा कि अनशन खत्म कर दीजिए। उन्होंने कहा कि आप क्यों अनशन खत्म करने के लिए दबाव डाल रहे हो। वो मूवमेंट के फेस थे। उनके बिना ये मूवमेंट इतना बड़ा नहीं होता। जान दांव पर लगाकर उन्होंने देश को जागरूक किया है। आज ये मूवमेंट CJP और सोनम वांगचुक से जरूर बड़ा हो चुका है। सोनम सर को उठाकर ले गए, तो उन्होंने मिलने नहीं दिया। एक तरह से किडनैप करके रखा था।' विजेता दहिया को लेकर अभिजीत दीपके के बयान के बाद इस पूरे विवाद ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। संगठन की ओर से उनके खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद अब उनकी संभावित वापसी पर विचार किए जाने की बात सामने आई है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि संगठन के भीतर इस मामले को लेकर आगे की रणनीति पर मंथन चल रहा है। दीपके ने घटना को बेहद संवेदनशील बताते हुए कहा कि दहिया के व्यक्तित्व को लेकर उन्हें कोई शिकायत नहीं है। उनके अनुसार, समस्या उनके व्यवहार से ज्यादा उस समय और परिस्थितियों को लेकर थी, जिसमें वह घटना सामने आई। आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई के बीच उनका भोजन करते हुए दिखाई देना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया था। घटना का वीडियो सामने आने के बाद संगठन और विजेता दहिया दोनों को आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्हें प्रवक्ता के पद से हटा दिया गया था।

## तुर्किये जा रही फेरी बोट भूमध्य सागर में पलटीः 7 यात्रियों की मौत, 24 लापता



जूम न्यूज़

अंकारा / निकोसिया। यूरोपीय देश साइप्रस से तुर्किये की ओर जा रही एक पैसेंजर फेरी बोट रविवार को भूमध्य सागर (Mediterranean Sea) में पलट गई। हादसे के वक्त फेरी पर 270 से अधिक यात्री सवार थे। तुर्किये मीडिया के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 24 अन्य यात्री अब भी लापता हैं। उत्तरी साइप्रस के प्रधानमंत्री उनाल उस्तेल ने बताया कि राहत एवं बचाव दलों ने तत्परता दिखाते हुए अब तक 237 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया है। खराब मौसम बना वजहः यह फेरी उत्तरी साइप्रस के काइरेनिया पोर्ट से रवाना होकर तुर्किये के मर्सिन प्रांत स्थित तासुकु पोर्ट की ओर जा रही थी। बंदरगाह से निकलने के लगभग 15 मिनट बाद और तट से करीब 7.5 किलोमीटर दूर पहुंचते ही खराब मौसम और ऊंची लहरों के कारण फेरी में तेजी से पानी भरने लगा, जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गई। जान बचाने के लिए कई यात्री पलटी हुई बोट के निचले हिस्से (हुल) के ऊपर चढ़ गए, जिन्हें बाद में रेस्क्यू बोट्स द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे का शिकार हुई फेरी 'कैटामरैन' (Catamaran) डिजाइन की थी, जिसमें स्थिरता के लिए समानांतर दो हुल (पेंदे) होते हैं। बचावकर्मियों ने समुद्र में फंसे यात्रियों की तलाश शुरू की और कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर तट तक पहुंचाया।

## उज्बेकिस्तान के बाद किर्गिस्तान पहुंचे PM मोदी, SCO शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल



जूम न्यूज़

बिश्केक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय उज्बेकिस्तान यात्रा खत्म करके किर्गिस्तान पहुंच गए हैं। पीएम मोदी रविवार को राजधानी बिश्केक के हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां उनका स्वागत किर्गिज गणराज्य के कैबिनेट ऑफ मिनिस्टर्स के चेयरमैन और राष्ट्रपति प्रशासन के प्रमुख आदिलबेक कासिमालीव ने किया। पीएम मोदी यहां भी दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे हैं। इस दौरान वह SCO सदस्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों में शामिल होंगे। शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO) के 26वें शिखर सम्मेलन का आयोजन 1 सितंबर को होने वाला है, जिसमें प्रधानमंत्री शामिल होंगे। इससे पहले रविवार को पीएम मोदी ताशकंद में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के मेमोरियल पहुंचे थे, जहां उन्होंने श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव के साथ मिलकर एक पेड़ भी लगाया। भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है कि शास्त्री का 'जय जवान, जय किसान' का नारा पीढ़ियों से लोगों को प्रेरित करता रहा है। मंत्रालय ने कहा कि उनका जीवन सादगी, साहस और देश के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक था। भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 11 जनवरी 1966 को उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में अचानक निधन हो गया था। यह घटना 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को समाप्त करने के लिए ऐतिहासिक ताशकंद घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर होने के कुछ ही घंटों बाद हुई थी। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि पीएम मोदी और शावकत मिर्जियोयेव ने भारत की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल और उज्बेकिस्तान के 'यशिल माकोन' हरित प्रयासों के तहत राष्ट्रपति भवन के बगीचे में संयुक्त रूप से एक पेड़ भी लगाया।

## महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित कर रही सरकार : भजनलाल शर्मा

जूम न्यूज़

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 137वां एपिसोड सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण, नशा मुक्त युवा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर बात रखी। साथ ही, देश के विभिन्न इलाकों के लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव से भी रूबरू करवाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक छोटा आइडिया बड़े बदलाव का कारण बन सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि अपने विचारों और नवाचारों को आगे बढ़ाते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। उन्होंने महिला सशक्तीकरण का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में लगभग 46 प्रतिशत यानी 35 लाख से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं, जो अपने छोटे व्यापार को बड़े कारोबार में तब्दील कर रही हैं। उन्होंने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान में जिस प्रकार युवाओं की भागीदारी देखने को मिल रही है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में भी युवा आगे बढ़कर भाग ले रहे हैं और विशेष पहलों के जरिए मिसाल कायम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार मातृशक्ति के लिए कल्याणकारी योजनाएं ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जन-धन खाते, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश की महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं को सशक्त करना जरूरी है। यही कारण है कि हमारी सरकार ने पिछले तीनों बजट में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं के साथ




रायशुमारी की और उनके सुझावों को बजट में शामिल भी किया। वहीं, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मेधावी छात्राओं को साइकिल एवं स्कूटी वितरित की जा रही हैं। वहीं, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मा योजना के तहत निशुल्क जांच एवं सोनोग्राफी जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीविका के जरिए महिलाओं का सामाजिक एवं आर्थिक विकास भी सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, आशा सहयोगनियों के मानदेय में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है। इसी प्रकार बैंक सखी और पशु सखी जैसी पहलों के जरिए महिलाओं तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। प्रधानमंत्री के संबोधन में महिला सशक्तीकरण, युवाओं की भूमिका, नवाचार और नशामुक्ति जैसे विषयों पर दिए गए संदेश को उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना।

## विमेंस एशिया कपः 7 गेंदों में 0 रन और 3 विकेट, दीप्ति की धमाकेदार गेंदबाजी

जूम न्यूज़

दुबई। भारत ने थाईलैंड के खिलाफ 94 रन से दमदार जीत दर्ज करते हुए विमेंस एशिया कप 2026 में अपने अभियान का शानदार आगाज किया है। 159/9 का स्कोर बनाने के बाद 'विमेन इन ब्लू' ने विपक्षी खेमे को सिर्फ 65 रन पर ढेर कर दिया। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने 7 गेंदों में बगैर कोई रन दिए 3 विकेट निकाले। इसी के साथ दीप्ति महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट (171) लेने वाली गेंदबाज बन गईं। इस मामले में उन्होंने थाईलैंड की थिपाचा पुत्थावोंग (170) को पीछे छोड़ दिया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम दमदार शुरुआत के बावजूद 9 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। मंधाना 10 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुईं, जिसके बाद शेफाली ने प्रतिका रावल के साथ दूसरे विकेट के लिए 36 गेंदों में 53 रन जुटाकर टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया था।

## शवों की पहचान के लिए भारत की 19 सदस्यीय फोरेंसिक टीम काठमांडू पहुंची

जूम न्यूज़

काठमांडू। नेपाल में आई भीषण बाढ़ और प्राकृतिक आपदा के बाद राहत-बचाव कार्यों में तेजी लाते हुए भारत ने अपनी सहायता का दायरा और बढ़ा दिया है।

भारतीय विदेश मंत्रालय (MEA) द्वारा जारी आधिकारिक अपडेट के अनुसार, पीड़ितों के शवों की पहचान के लिए भारत की 19 सदस्यीय विशेष फोरेंसिक विशेषज्ञों की टीम काठमांडू पहुंच चुकी है और उसने कार्यभार संभाल लिया है। वहीं, भारत की टनल रेस्क्यू टीम ने चिलिमे और लांगटांग क्षेत्र में नेपाली सेना के साथ मिलकर जटिल हाइड्रोपावर सुरंगों में खोज व बचाव अभियान शुरू कर दिया है। फोरेंसिक टीम ने काठमांडू स्थित नेपाल पुलिस की सेंट्रल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल के फोरेंसिक विभाग के अधिकारियों के साथ तकनीकी बैठक की।

## जयपुर में नीट-पीजी परीक्षा के दौरान बिजली गुल होने पर हंगामा, पूरे देश में री-एग्जाम की उठी मांग



जूम न्यूज़

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में नीट-पीजी परीक्षा के दौरान बिजली गुल होने से बड़ा हंगामा हो गया। सीतापुरा स्थित आयन डिजिटल जोन सेंटर पर पावर आउटेज के कारण परीक्षा बाधित हो गई, जिससे छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। नाराज अभ्यर्थियों ने हंगामा किया, सेंटर प्रशासन से जवाब मांगा और परीक्षा व्यवस्था को लेकर आपत्ति दर्ज कराई। यह मामला नीट-पीजी 2026 परीक्षा से जुड़ा है, जो जयपुर के दो परीक्षा केंद्रों पर इंटरनल पावर सप्लाई फेल होने के कारण बाधित हो गई। कई छात्र अपना टेस्ट पूरा नहीं कर सके। इस गड़बड़ी के बाद नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने प्रभावित छात्रों के लिए 5 सितंबर को दोबारा परीक्षा कराने का ऐलान किया है। हालांकि, छात्र और अभिभावक पूरे देश में दोबारा परीक्षा कराने की मांग कर रहे हैं। एक छात्र ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि नीट-पीजी परीक्षा ऑल इंडिया लेवल पर दोबारा कराई जाए। अगर नीट-पीजी परीक्षा में ही निष्पक्षता नहीं होगी, तो हम भारत की हेल्थकेयर सिस्टम के बेहतर होने की उम्मीद नहीं कर सकते।' वहीं, एनटीए परीक्षा में अनियमितता के मुद्दे पर राजस्थान के वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा, 'कुछ तकनीकी समस्या थी। सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा कि ऐसे मामले सामने आते ही उसने तुरंत कार्रवाई की और तुरंत फैसले लिए। यह एक अच्छी बात है।' गौरतलब है कि जयपुर के दो सेंटरों पर बिजली जाने से दर्जनों छात्रों की परीक्षा बीच में ही रुक गई। छात्रों का कहना है कि लाइट जाने के बाद कंप्यूटर बंद हो गए और काफी देर तक व्यवस्था ठीक नहीं हो सकी, जिससे उनका समय बर्बाद हुआ और वे पेपर पूरा नहीं कर पाए। छात्रों ने सेंटर की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी बड़ी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में पावर बैकअप जैसी बुनियादी सुविधा का न होना लापरवाही है। वहीं अभिभावकों का कहना है कि सिर्फ दो सेंटरों पर दोबारा परीक्षा कराने से बाकी छात्रों के साथ असमानता होगी, इसलिए पूरे देश में परीक्षा फिर से होनी चाहिए। जयपुर में नीट-पीजी परीक्षा के दौरान बिजली गुल होने की घटना ने परीक्षा व्यवस्था और अभ्यर्थियों की समानता को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पटना के गर्दनीबाग में वायरल ब्वॉय आदित्य राज का धरना, पीएम मोदी से मिलने की रखी मांग

जूम न्यूज़

पटना। बिहार की राजधानी पटना के गर्दनीबाग धरना स्थल पर वायरल लड़का आदित्य राज विरोध प्रदर्शन पर बैठा है। उसने छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने माता-पिता पर हमला करने वाले पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग की है। आदित्य ने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उससे नहीं मिलते, तब तक वह अपना विरोध जारी रखेगा।

आदित्य राज ने कहा, 'मेरे माता-पिता के साथ मारपीट की गई। हमें उनसे 8 घंटे तक अलग रखा गया। साथ ही एसपी की तरफ से धमकी दी गई कि अगर धरना करोगे तो एफआईआर दर्ज करेंगे। जब तक माता-पिता को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक हम धरना पर बैठेंगे।' उसने सभी राजनीतिक दलों से समर्थन की अपील की है। आदित्य ने कहा, 'मेरे साथ धरने पर जितने लोगों को आना है, वह आएं। विपक्ष में महागठबंधन के जितने नेता हैं, वह मेरे साथ आएं। तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, प्रशांत किशोर और ममता बनर्जी, जिन्हें भी मेरे साथ आना है, वह आएं। सत्ता पक्ष से भी जिन्हें आना है, वह आएं। जब पीएम नरेंद्र मोदी चुप्पी साधकर बैठे हैं तो हम भी मौन व्रत रखेंगे।' आदित्य राज ने बताया कि उसकी डीजीपी से मुलाकात हुई है, जिन्होंने न्यायिक जांच का आश्वासन दिया है, लेकिन वह पीएम मोदी से मिलना चाहता है।

उसने कहा, 'हमारी डीजीपी साहब से मुलाकात हुई, उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले की न्यायिक जांच होगी। लेकिन मुझे पीएम मोदी से मिलना है, वह सिर्फ गरीब से वोट लेना जानते हैं, लेकिन उनसे मिलना नहीं जानते हैं। जब तक पीएम मोदी से नहीं मुलाकात होगी, हम धरने पर बैठे रहेंगे। सरकार को झुकना ही पड़ेगा।' बता दें कि आदित्य राज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सुर्खियों में आया था। अब उसने अपने माता-पिता के साथ हुई कथित मारपीट को लेकर धरना शुरू किया है।

## संपादकीय

### निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर सक्रिय हुए डॉ. सुभाष गर्ग, कार्यकर्ताओं से किया मंथन



**एजेंसी, जूम न्यूज़**

भरतपुर। पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग रविवार को तीन दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे। भरतपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने अपने रणजीत नगर कार्यालय पर नगर निकाय चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं, प्रत्याशियों व समर्थकों के साथ राय मशविरा किया।

उन्होंने शहर के विभिन्न वार्डों से आए प्रत्याशी, उनके समर्थक, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से चुनावी तैयारियों पर विचार विमर्श किया। डॉ. गर्ग ने प्रत्येक वार्ड के बारे में कार्यकर्ताओं से वार्ड की स्थिति, जनसंपर्क और चुनावी तैयारियों की जानकारी ली।

उन्होंने प्रत्याशियों को जीत के टिप्स देते हुए कहा कि प्रत्येक घर तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचें और विनम्रता के साथ मतदाताओं से मिलें। नगर निकाय चुनावों को लेकर भरतपुर में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में डॉ. सुभाष गर्ग ने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर चुनावी तैयारियों को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान विभिन्न वार्डों से पहुंचे प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से उन्हें अवगत कराया तथा स्थानीय स्तर पर सामने आ रही समस्याओं और चुनावी समीकरणों को लेकर चर्चा की।

### तापी बावड़ी की दुर्दशा पर लगे पोस्टर बने चर्चा का विषय

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

जोधपुर। शहर के भीतरी क्षेत्र भीमजी के मोहल्ले में स्थित अतिप्राचीन तापी बावड़ी की बदहाल स्थिति को लेकर लगाए गए पोस्टर इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं।

नगर निगम चुनाव से ठीक पहले भीतरी शहर में इस तरह के पोस्टर सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर इसकी खूब चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि पोस्टरों के जरिए तापी बावड़ी की वर्तमान दुर्दशा की ओर लोगों और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। ऐतिहासिक महत्व रखने वाली इस बावड़ी की स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में भी चिंता है। नगर निगम चुनाव से पहले सामने आए इन पोस्टरों को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और रखरखाव पर जिम्मेदार एजेंसियों को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

# 18 राज्यों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने किया नाप-तौल उद्योग के मुद्दों पर किया मंथन

**जयपुर, जूम न्यूज़**

जयपुर। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ वेइंग इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन (एआईएफडब्लूआईटीए) के राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से आए नाप-तौल उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने उद्योग की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से मंथन किया। आरडब्लूएमडीए के अध्यक्ष प्रभात गुप्ता ने बताया कि राजस्थान वेट्स एंड मेजर्स डीलर्स एसोसिएशन (आरडब्लूएमडीए) की मेजबानी में आयोजित इस अधिवेशन में 18 राज्यों के संगठनों से 200 से अधिक प्रतिनिधि, निर्माता और डीलर शामिल हुए। उन्होंने आगे कहा कि नाप-तौल उद्योग से जुड़े व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक समान व्यवस्था जरूरी है। जीएटीसी के नियमों, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और लाइसेंसिंग से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। महासचिव हरीश मेहता ने कहा कि पूरे देश में नाप-तौल उपकरणों की स्टांपिंग फीस, पेनल्टी और नियमों के लिए एक समान केंद्रीय ढांचा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों में अलग नियम और फीस होने से व्यापारियों को व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि अधिवेशन में जीएटीसी नियमों, रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंसिंग की प्रक्रिया, समान स्टांपिंग फीस, पेनल्टी एवं नियमों के साथ-साथ उपभोक्ता जागरूकता और डीलरों के प्रशिक्षण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने उद्योग को एकजुट कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी तरीके से अपनी बात रखने की दिशा में भी सहमति व्यक्त की। उपभोक्ताओं में सही नाप-तौल के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। इसके साथ ही डीलरों के लिए प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि ग्राहकों को बेहतर और विश्वसनीय सेवाएं मिल सकें। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल कुमार ने कहा कि संगठन को देशभर में मजबूत करने के लिए उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम—चार क्षेत्रीय जोन बनाए जाने की दिशा में काम किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी आयोजित करने और संगठन के बायलॉज़ में आवश्यक संशोधन करने पर भी जोर दिया गया।



### परिसीमन का खाका खींचने में माहिर भाजपा, विकास का रोडमैप बनाने में सिफर

**जयपुर, जूम न्यूज़**

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आगामी निकाय चुनावों को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर तीखा सियासी हमला बोलते हुए कहा है कि अपनी आसन्न पराजय को सामने देख भाजपा के होश उड़ चुके हैं। प्रदेश में बने गहरे असंतोष और प्रशासनिक नाकामी के चलते भाजपा के भीतर गतिरोध और घबराहट का माहौल है। जूली ने कहा कि बाहर से भले ही बड़े-बड़े चुनावी दावे किए जा रहे हों, लेकिन अंदरखाने सत्ता के गलियारों में यह बात पूरी तरह साफ हो चुकी है कि जनता के बीच से भाजपा का राजनीतिक जनाधार और जमीन पूरी तरह खिसक चुकी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि तमाम तंत्र से जो फीडबैक सरकार को मिल रहा है, उससे भाजपा नेतृत्व की नींद उड़ी हुई है और पूरी पार्टी में बेचैनी का माहौल है।



### रक्त की हर बूंद बनी जीवन की उम्मीद, पारीक मंडल ट्रस्ट के शिविर में 102 यूनिट रक्त संग्रहित

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

सरदारशहर। पारीक भवन, ताल मैदान में पारीक मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में सामाजिक सरोकार और मानव सेवा का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। शिविर का शुभारंभ प्रातः भगवान पाराशर जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मानव सेवा के इस पुनीत संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। शिविर में राजकीय भरतीया अस्पताल, जिला चूरू की प्रशिक्षित टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया, जिसमें रक्तदाताओं के उत्साह और सेवाभाव के चलते 102 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। रक्तदाताओं ने यह साबित किया कि किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने के लिए किया गया रक्तदान केवल दान नहीं, बल्कि मानवता के प्रति निभाया गया एक अमूल्य दायित्व है। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने रक्तदाताओं के सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि "रक्तदान महादान" केवल एक slogan नहीं, बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित होना चाहिए, ताकि आवश्यकता के समय किसी भी जरूरतमंद को रक्त के अभाव में जीवन न गंवाना पड़े।





### जोधपुर में जातरुओं की बाइक को डंपर ने मारी टक्कर

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

जोधपुर। बाबा रामदेव मेले में दर्शन के लिए रामदेवरा जा रहे जातरुओं की बाइक को पीछे से आ रहे नगर निगम से अनुबंधित डंपर ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक डंपर के नीचे तक जा घुसी। हादसा रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे कायलाना सर्किल के पास हुआ। उदयपुर निवासी सोहनलाल (30) अपनी पत्नी केली बाई (28) और डेढ़ साल की बेटी के साथ बाबा रामदेव के दर्शन के लिए शनिवार शाम बाइक से रवाना हुआ था। हादसे में सोहनलाल के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि उसकी पत्नी भी घायल हो गई। वहीं डेढ़ साल की बच्ची को गंभीर चोट नहीं लगी। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से मथुरादास माथुर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने नगर निगम से अनुबंधित डंपरों की तेज रफ्तार को लेकर विरोध जताया। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में डंपर तेज गति से दौड़ते हैं, जिससे आए दिन हादसे का खतरा बना रहता है।

## पिलानी में दो बाइकों की भिड़ंत, टक्कर के बाद हवा में उछले युवक, CCTV में कैद हुआ पूरा हादसा

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

झुंझुनूं। राजस्थान में झुंझुनूं जिले के पिलानी कस्बे में शनिवार रात पिलानी-चिड़ावा रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एचपी पेट्रोल पंप के सामने दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक हवा में पलटी खाते हुए सड़क पर जा गिरे। हादसे का पूरा घटनाक्रम पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसका वीडियो अब सामने आया है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 8 बजे वार्ड नंबर 27 निवासी हेमंत (20), पुत्र महीपाल, चिड़ावा की ओर से बाइक लेकर पिलानी स्थित अपने घर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान BITS पिलानी निवासी आदित्य (21), पुत्र प्रमोद, पेट्रोल पंप पर अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए जा रहा था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दोनों की बाइक आमने-सामने आ गईं और देखते ही देखते दोनों वाहनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। पेट्रोल पंप के CCTV फुटेज में हादसे की भयावहता साफ दिखाई दे रही है। दोनों बाइकें तेज टक्कर के साथ एक-दूसरे से भिड़ती हैं और टक्कर लगते ही दोनों युवक तिनके की तरह हवा में उछलते हुए सड़क पर जा गिरते हैं।

अचानक हुए इस हादसे को देखकर आसपास मौजूद लोग भी मौके की ओर दौड़ पड़े। हादसे के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एक बाइक सवार दाएं मुड़ रहा था, तभी उसकी बाईं तरफ से तेज गति से आ रहे युवक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवक हवा में उछलकर जमीन पर गिर गए और चोटिल हो गए।

हालांकि, स्थानीय लोगों ने समय रहते दोनों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचा ली। एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायल युवकों को तत्काल पिलानी के बिरला सार्वजनिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया।




### वेस्ट बंगाल विधायक सुरोलिया ने किया श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ का अवलोकन

**जयपुर, जूम न्यूज़**

जयपुर। पश्चिम बंगाल के जगदल विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सुरोलिया ने रविवार को श्री परशुराम ज्ञानपीठ का दौरा किया। उन्होंने ज्ञानपीठ भवन का निरीक्षण कर संस्थान की कार्यप्रणाली, शैक्षणिक गतिविधियों तथा अध्ययनरत बालिकाओं के लिए किए जा रहे शैक्षणिक एवं संस्कारमय प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. सुरोलिया ने कहा कि "इस संस्थान के बीजारोपण में मैं भी सहभागी रहा हूं और आज अपने सामने उस सपने को साकार होते देखना मेरे लिए अत्यंत सुखद और गौरव का विषय है।" उन्होंने ज्ञानपीठ की बालिकाओं से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किसी पद या प्रशासनिक सेवा को प्राप्त करना नहीं, बल्कि ज्ञान और सामर्थ्य को समाज एवं राष्ट्र की सेवा से जोड़ना होना चाहिए।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर दौसा में खेलों का उत्सव, खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

दौसा। मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर यहां राजेश पायलट स्टेडियम में विभिन्न खेल गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ की ओर से खिलाड़ियों एवं खेल प्रतिभाओं के के लिए सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। सम्मान समारोह जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष केदार प्रसाद मीना की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ओलंपिक संघ के सचिव शिवचरण रावत, मुंशी खान, प्रदीप नागर, इरफान अहमद, चंदरेश शर्मा, अब्दुल रसीद तथा प्रभारी खेल अधिकारी कजोड़मल नरानिया सहित खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। प्रभारी खेल अधिकारी कजोड़मल नरानिया ने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व जिला ओलंपिक संघ की साधारण सभा आयोजित की गई, जिसमें जिले में खेलों के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा खेल मैदानों की स्थिति पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि राजेश पायलट स्टेडियम में ग्रासिंग फुटबॉल मैदान विकसित करने एवं मैदान में आवश्यक मिट्टी भराव सहित निर्माण कार्य कराने का प्रस्ताव जिला कलक्टर के समक्ष रखने तथा खेल संबंधी विषयों को लेकर जिला ओलंपिक संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा खेल मंत्री से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मान क्लब में सुबह 7 से 9 बजे तक तथा शाम 5 बजे मैत्री फुटबॉल मैच आयोजित किए गए। खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल भावना और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।इस अवसर पर खेल विभाग से लक्ष्मीनारायण मौना, सूबे सिंह गुर्जर एवं राकेश गुर्जर सहित वरिष्ठ खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे। जिला ओलंपिक संघ की साधारण सभा में जिले में खेलों के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। खेल संबंधी विभिन्न विषयों को लेकर जिला ओलंपिक संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा खेल मंत्री से मुलाकात करने का निर्णय भी लिया गया।



## नेहरू गार्डन में गूंजी मतदान जागरूकता की गीतमाला, मातृशक्ति ने दिया वोटिंग का संदेश

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

दौसा। नगरीय निकाय चुनाव-2026 के अंतर्गत जिला स्वीप टीम द्वारा शनिवार को नेहरू गार्डन में "मातृशक्ति मतदाता जागरूकता गीतमाला" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गीत-संगीत एवं काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोकतंत्र में मतदान की महत्ता, मतदाता के अधिकार एवं कर्तव्य तथा 9 सितंबर एवं 11 सितंबर को मतदान अवश्य करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक स्वीप दौसा डॉ. रामवीर चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं आजाद कलम संस्था के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह आजाद, 'गाता रहे मेरे दिल' संस्था के अध्यक्ष महेश बालाहेड़ी, राष्ट्रीय मिमिक्री कलाकार डॉ. अशोक खेड़ला, प्राचार्य राजेंद्र सिंह भारतीय एवं फिजिकल डिप्टी अमरीश जाकड़ विशिष्ट अतिथि रहे।

गीतमाला में जिले एवं जयपुर से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोकतांत्रिक चेतना का संचार किया। प्रत्येक प्रस्तुति में मतदान को अधिकार के साथ-साथ जिम्मेदारी बताते हुए आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। गीतकार दिलीप शर्मा ने "वोट हमारा मान है, लोकतंत्र की शान है, एक-एक मत से बनता, भारत का महान विधान है।"

मनीष कुमार शर्मा ने "मतदान का पर्व आया है, मिलकर इसे मनाना है, पहले मतदान करना है, फिर कोई काम कराना है।" लोकतंत्र की आत्मा मतदान जैसे परमात्मा गीत सुनाया। इस अवसर पर बत्ती लाल मीणा, कालू लाल मीणा, राजेश शर्मा, चेतन महावर, रेखा राजोरिया उपस्थित रहे।



## स्वीप अभियानः स्कूलों में चला मतदाता जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों व शिक्षकों ने ली निष्पक्ष मतदान की शपथ

**एजेंसी, जूम न्यूज़**

डीग। आगामी नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के दृष्टिगत जिलेभर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुदावल बृजनगर तथा किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डीग में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कार्मिकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करते हुए सामूहिक मतदाता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संभागियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एक सशक्त एवं जीवंत लोकतंत्र की नींव प्रत्येक सजग और जागरूक मतदाता की सक्रिय भागीदारी पर टिकी होती है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक संवैधानिक अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य भी है। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे आगामी चुनावों में बिना किसी भय, पक्षपात, जाति, धर्म या प्रलोभन के अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत उपयोग करेंगे। इसके साथ ही विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे अपने घर, मोहल्ले एवं गांव के प्रत्येक पात्र मतदाता, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं एवं युवा मतदाताओं को मतदान दिवस पर बूथ तक पहुंचाने और निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर किशन लाल जोशी राउमावि डीग के उप प्रधानाचार्य निहाल सिंह, व्याख्याता बीरबल सिंह सहित दोनों विद्यालयों के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी भूमिका और जिम्मेदारी से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि चुनाव में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण होता है और जागरूक नागरिक ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। आयोजकों ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे।



## राजस्थान/ प्रादेशिक

# गाजे बाजे के साथ रामदेवरा के लिए रवाना हुई पदयात्रा, हज़ारों पदयात्री नाचते गाते चल रहे है यात्रा में

## संत रामपाल महाराज के 76वें अवतरण दिवस का निमंत्रण : ढिगारिया सरपंच घासी लाल गुर्जर को सौंपा न्योता




**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

दौसा। लवाण तहसील क्षेत्र के गांव ढिगारिया में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के आगामी 76वें अवतरण दिवस समारोह को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

इसी क्रम में अनुयायियों द्वारा ढिगारिया ग्राम पंचायत के सरपंच घासी लाल गुर्जर को कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण सौंपा गया। अनुयायियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सरपंच से मुलाकात कर उन्हें राजस्थान के सतलोक आश्रम सोजत (पाली) में आयोजित होने वाले विशाल समागम में शामिल होने का न्योता दिया और कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सतलोक आश्रम सोजत में 6, 7 एवं 8 सितंबर को तीन दिवसीय भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सत्संग, अखंड पाठ और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम होंगे। अनुयायियों ने सरपंच सहित क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में आश्रम पहुंचकर इस पावन आयोजन का लाभ उठाएं।

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

टोंक। जिला मुख्यालय से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री बाबा रामदेव रुणिचा जैसलमेर के लिए रामदेव जी की पदयात्रा यात्रा धूमधाम से शनिवार को रवाना हुई। श्री राम सॉन्ग के नेतृत्व में पटेलों की गुहाड़ी से पदयात्रा रवाना होकर श्री राम कृष्ण मंदिर पर पहुंची। जहां विधिवत ध्वजा की पूजा अर्चना कर कर यात्रियों को माला व तिलक कर यात्रा सफल होने की मनोकामना के साथ रवाना किया गया। इस दौरान लोग रामसापीर की जय, रुनेचा रा श्याम की जय, सच्चे दरबार की जय, के जयकारों के साथ मार्केट का माहौल गूंज उठा। सभी यात्री नाचते कूदते मुख्य बाजार होते हुए घंटाघर पहुंचे। जहां पर कोली समाज,ग्वाला समाज, खंगार समाज, बैरवा समाज, गुर्जर समाज, खटीक,समाज रेगर समाज, माली समाज आदि की पदयात्रा संघ ध्वज लेकर घंटाघर स्थित कोली समाज मंदिर हनुमान मंदिर पर पहुंचे। जहां कोली समाज के पंच पटेलन आदि ने यात्रियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सभी ध्वजाओ का माल्यार्पण कर आरती की गई। बाद में सभी को रामदेवरा के लिए वाया गहलोत घाट होते हुए रवाना किया गया। इस दौरान जातरू नाचते गाते हुए चल रहे थे। बाबा रामदेवजी के जयकारों से शहर को गुंजायमान कर दिया। कोली समाज अध्यक्ष अशोक महावर, कंवरी लाल पटेल, कोली विकास समिति के हेमंत बुन्देल, महावीर महावर, जसवंत, भगवानदास, गणेश महावर,तेजपाल, गंगाराम, नदिनी,आरती, मोना, राधा, कुसुम, आदि बुद्धिजीवी लोग उपस्थित थे। पदयात्रा के रवाना होने के साथ ही शहर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बन गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में शामिल हुए। रास्ते भर श्रद्धालु बाबा रामदेवजी के जयकारे लगाते रहे, जिससे पूरा मार्ग भक्तिमय नजर आया। श्री राम कृष्ण मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई यात्रा में श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर और माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। यात्रियों ने बाबा रामदेवजी के दरबार में शीघ्र पहुंचने और यात्रा के सकुशल संपन्न होने की कामना की। पदयात्रा में शामिल महिला और पुरुष श्रद्धालु भजनों पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़े। मुख्य बाजार से गुजरते समय विभिन्न समाजों के लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया।



## राजस्थान में थमा मानसून, सितंबर की शुरुआत में बदल सकता है मौसम

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। राजस्थान में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। शनिवार को लगातार दूसरे दिन प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश नहीं हुई और कई शहरों में मौसम साफ रहा। पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों में तापमान बढ़ने से गर्मी का असर भी महसूस किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो-तीन दिनों तक प्रदेश में बारिश की गतिविधियां सीमित रहने की संभावना है। हालांकि, सितंबर की शुरुआत में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, फिलहाल मानसून ट्रफ राजस्थान के ऊपर सक्रिय नहीं है। ट्रफ का रुख उत्तर भारत के अन्य हिस्सों की ओर होने के कारण राजस्थान में नमी और बारिश कराने वाली गतिविधियों को पर्याप्त समर्थन नहीं मिल रहा है। इसके चलते प्रदेश में आसमान साफ रहने और दिन के तापमान में बढ़ोतरी की स्थिति बनी हुई है।



## जोधपुर में भीख मांगने आए फकीर ने चाकू से किया हमला!

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

जोधपुर। नई सड़क मोहल्ले में भीख मांगने आए एक फकीर ने कथित तौर पर एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पु नई सड़क मोहल्ले में भीख मांगने आए एक फकीर ने कथित तौर पर एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई लिस के हवाले कर दिया। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आखिर चाकू से हमला क्यों किया गया, पुलिस इसकी पड़ताल कर रही है। नई सड़क मोहल्ले में हुई चाकूबाजी की घटना के बाद इलाके में कुछ समय के लिए तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि भीख मांगने के लिए पहुंचे व्यक्ति का किसी बात को लेकर स्थानीय व्यक्ति से विवाद हो गया। इसी दौरान कथित रूप से चाकू से हमला कर दिया गया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## डॉ. जिम्मी जे. थॉमस 'महर्षि गुरु वशिष्ठ पुरस्कार-2026' से सम्मानित

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। शिक्षा, संगीत और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. जिम्मी जे. थॉमस को प्रतिष्ठित 'महर्षि गुरु वशिष्ठ पुरस्कार-2026' से सम्मानित किया गया। जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज, कूकस में आयोजित भव्य समारोह में अभ्येति फाउंडेशन की ओर से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. जिम्मी जे. थॉमस को यह पुरस्कार शिक्षा, संगीत और कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं उपलब्धियों के लिए दिया गया। उन्होंने पिछले 27 वर्षों से युवा प्रतिभाओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया है। इसके अलावा, डॉ. थॉमस ने 1,500 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संगीत और संस्कृति को देश-विदेश में बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समारोह में शिक्षा, संगीत और कला क्षेत्र से जुड़े लोगों ने डॉ. थॉमस को सम्मान मिलने पर बधाई दी और उनके योगदान की सराहना की।

## आईपीएस जगमोहन मीणा का इस्तीफा नामंजूर, ओडिशा सरकार ने सेवा में रखा बरकरार

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। ओडिशा सरकार ने 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी जगमोहन मीणा का इस्तीफा स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। मीणा वर्तमान में भुवनेश्वर के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस के पद पर तैनात हैं। उन्होंने जुलाई में व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दिया था। इस्तीफा देने के बाद मीणा ने स्पष्ट किया था कि उन्होंने परिवार और मित्रों से चर्चा के बाद यह निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी साफ किया था कि उनके इस्तीफे के पीछे किसी तरह का बाहरी दबाव या राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है। उन्होंने सरकार से अपने फैसले का सम्मान करने का आग्रह भी किया था। राजस्थान के सीकर मूल के जगमोहन मीणा आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र हैं। ओडिशा कैडर में रहते हुए उन्होंने राज्य के कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। वे अंगुल, गंजाम और मलकानगिरी के एसपी तथा कटक के डीसीपी भी रह चुके हैं। वर्ष 2019 में उन्हें उनकी सेवाओं के लिए वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मीणा ने 28 फरवरी 2025 को भुवनेश्वर डीसीपी का पद संभाला था। उनके इस्तीफे के बाद मीडिया में यह भी चर्चा सामने आई थी कि वे राजस्थान लौटकर पारिवारिक कारोबार से जुड़ सकते हैं। हालांकि, मीणा ने अपने भविष्य की योजनाओं को पूरी तरह निजी बताते हुए किसी तरह की निश्चित जानकारी सार्वजनिक नहीं की थी। अब ओडिशा सरकार द्वारा इस्तीफा स्वीकार नहीं किए जाने के बाद जगमोहन मीणा फिलहाल सेवा में बने हुए हैं और भुवनेश्वर DCP की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इस्तीफा स्वीकार नहीं होने से उनके आगे के कदम को लेकर स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं है।



## नागौर नगर परिषद मतदाता सूची में बड़े फर्जीवाड़े का आरोप : AI से बने फर्जी बिजली बिलों से जोड़े गए नाम

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

नागौर। नागौर नगर परिषद क्षेत्र की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर हेरफेर और फर्जीवाड़े का गंभीर मामला सामने आया है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (RLP) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त और मुख्य निर्वाचन अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर तथा पत्र लिखकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है। सांसद बेनीवाल ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के वार्ड संख्या 60, 26, 29, 30 और 37 सहित कई अन्य वार्डों में 21 अगस्त के बाद नियमों को ताक पर रखकर सैकड़ों अपात्र लोगों के नाम जोड़े गए, जबकि कई पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब कर दिए गए। उन्होंने कहा कि संबंधित निर्वाचन अधिकारियों (RO) और कर्मचारियों पर धनबल व एक विशेष राजनीतिक दल के दबाव में काम करने के गंभीर आरोप हैं। शिकायत में सबसे चौंकाने वाला खुलासा दस्तावेजों में हेरफेर को लेकर हुआ है। सांसद ने आयोग को बताया कि नाम जोड़ने के लिए निवास प्रमाण के तौर पर AI और डिजिटल माध्यमों से छेड़छाड़ कर बनाए गए फर्जी बिजली बिल व संदिग्ध दस्तावेज पेश किए गए हैं। बेनीवाल ने इन सभी संदिग्ध दस्तावेजों की मूल स्रोत से तकनीकी व फॉरेंसिक जांच कराने की मांग की है।

भौतिक सत्यापन और ऑडिटः 21 अगस्त के बाद मतदाता सूची में हुए सभी संशोधनों का वार्डवार और नामवार विस्तृत ऑडिट हो तथा भौतिक सत्यापन कराया जाए। स्वतंत्र जांच दलः पूरे मामले की जांच किसी ऐसे वरिष्ठ और स्वतंत्र अधिकारी से कराई जाए, जो वर्तमान स्थानीय चुनावी प्रक्रिया में सीधे तौर पर शामिल न हो।

दोषियों पर कठोर कार्रवाईः फर्जीवाड़े में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों या राजनीतिक व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाए।

सांसद बेनीवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारी (नागौर) को भी इस संबंध में पत्र भेजकर चेतावनी दी है कि चुनाव की निष्पक्षता और लोकतंत्र की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



## भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस से 7.605 किलो डोडा पोस्त जब्त

**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जोधपुर। ऑपरेशन नारकोस के तहत आरपीएफ भगत की कोठी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सवारी गाड़ी संख्या 14813 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस से लावारिस बैग में रखा 7.605 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त किया है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 1 लाख 14 हजार 75 रुपए आंकी गई है।

प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त नीतीश शर्मा एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त मुकेश कुमार के निर्देशन तथा निरीक्षक मदनलाल भाटी के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। ट्रेन के अंतिम स्टेशन जोधपुर पहुंचने के बाद मेंटेनेंस के लिए भगत की कोठी रेलवे स्टेशन की वाशिंग लाइन नंबर 9 पर लाए जाने के दौरान सामान्य कोच 263541/C में एक लावारिस बैग मिला।

## गुप्त वृंदावन धाम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्निवल का भव्य शुभारंभ



**जयपुर, ज़ूम न्यूज़**

जयपुर। गुप्त वृंदावन धाम, जगतपुरा में शनिवार को तीन दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्निवल का भव्य शुभारंभ हुआ। वृंदावन गार्डन पंडाल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं एवं परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित सुनीता गुप्ता जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। ऑनलाइन गीता मंत्र चैंटिंग के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाली सुनीता गुप्ता प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ एवं हॉर्टिकल्चर विशेषज्ञ हैं और पिछले कई वर्षों से गुप्त वृंदावन धाम से जुड़ी हुई हैं। कार्निवल में नन्हे-मुन्ने बच्चे श्रीकृष्ण, यशोदा मैया एवं नंद बाबा के स्वरूप में शामिल हुए।

लक्ष्मिता, अनुष्का, सारिका, आरव, दर्शना, लसीका, नित्या, कृष्णा, चैतन्य, प्रियांशी एवं मान्या सहित बाल प्रतिभाओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वैदिक मंत्रोच्चारण, हरिनाम संकीर्तन एवं संगीतमयी प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। 30 अगस्त को राजस्थान की प्रसिद्ध फूलों की होली टीम की प्रस्तुति, ऋतु शर्मा का भरतनाट्यम एवं नन्हे बाल कलाकारों का रॉक बैंड विशेष आकर्षण रहेगा। 31 अगस्त को भरतनाट्यम, कीर्तन, भजन एवं मंत्रोच्चारण के साथ कार्निवल का समापन होगा। कार्निवल 31 अगस्त तक प्रतिदिन सायं 5 बजे से वृंदावन गार्डन पंडाल में आयोजित किया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्निवल के शुभारंभ के साथ ही गुप्त वृंदावन धाम में भक्ति और सांस्कृतिक रंगों का मनमोहक संगम देखने को मिला। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और जन्माष्टमी से जुड़े प्रसंगों की झलक श्रद्धालुओं को देखने को मिल रही है। उद्घाटन अवसर पर बच्चों ने विशेष उत्साह के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। श्रीकृष्ण, यशोदा मैया और नंद बाबा के स्वरूप में सजे नन्हे कलाकारों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की मासूम अदाओं और प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा के महाअधिवेशन 6 सितंबर को, पोस्टर विमोचन

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

जोधपुर। जोधपुर में 6 सितंबर को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाले अखिल भारतवर्षीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा के महाअधिवेशन 2026 एवं युवाम-द्वितीय 2026 के पोस्टर का विमोचन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी एवं प्रधानमंत्री प्रद्युम्न जोशी ने जोधपुर स्थित महासभा के कार्यालय में किया। इस महा अधिवेशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष से महासभा के पदाधिकारी एवं समाज बन्धु, मातृ शक्ति एवं युवक संघ के पदाधिकारी भाग लेंगे। महासभा के मुख्य सचिव ललित प्रकाश सांखी ने बताया कि इस महा अधिवेशन में महिला शक्ति को सशक्त बनाने, युवा शक्ति को मार्गदर्शन देने तथा भारत में निवास करने वाले समाज बन्धुओं की जनगणना हेतु वेबसाइट बनाने पर मंथन किया जायेगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जवाहरलाल उपाध्याय, हरिद्वार ट्रस्ट के उपाध्यक्ष महेश जाजड़ा, गौतम सभा अध्यक्ष माधो प्रकाश जांजड़ा, उपाध्यक्ष गौतम सभा कुशाल रोहिवाल, हरिद्वार ट्रस्ट के महामंत्री हेमेन्द्र जाजड़ा, महासचिव प्रकाश राणेजा, समाजसेवी सुरेश जाजड़ा, महासभा की पूर्व महिला अध्यक्षा वीणा जाजड़ा, राष्ट्रीय सचिव मगराज कांगला जोशी, शिवराज नाबरिया, जितेंद्र कांगला जोशी, अचलेश जाजड़ा, कार्यालय मंत्री अरूण जोशी, मंत्री दुष्यंत राणेजा, कोषाध्यक्ष धन्नाराम राणेजा, सूरज प्रकाश सांखी, जुगराज सांखी, युवाम-2 के किशनलाल सांखी, रामस्वरूप पंचारिया, मुकेश उपाध्याय कोटा, मनीष जोशी, सरोज जोशी व ईश्वर जोशी उपस्थित रहे। महाअधिवेशन के पोस्टर विमोचन के साथ ही समाज के आगामी कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। महासभा पदाधिकारियों ने बताया कि छह सितंबर को होने वाला यह आयोजन समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। इसमें देशभर से समाजबंधु, मातृशक्ति और युवा प्रतिनिधि शामिल होकर सामाजिक विकास से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। महिला शक्ति की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के साथ उन्हें निर्णय प्रक्रिया में अधिक अवसर देने को लेकर सुझावों पर चर्चा की जाएगी।



## नामांकन के साथ बयाना में चढ़ा चुनावी पारा, पर्चा दाखिल करने उमड़ी भीड़

**एजेंसी, ज़ूम न्यूज़**

बयाना। नगरपालिका चुनाव को लेकर अब चुनावी रंग पूरी तरह चढ़ने लगा है। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही शनिवार को बयाना उपखंड कार्यालय चुनावी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना रहा। सुबह से ही अलग-अलग वार्डों से पार्षद पद के दावेदार अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचते रहे। उम्मीदवारों की आवाजाही और समर्थकों की भीड़ के चलते कार्यालय परिसर में दिनभर गहमागहमी का माहौल बना रहा। निर्धारित समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारों ने रिटर्निंग अधिकारी अल्का श्रीवास्तव के समक्ष अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। कई प्रत्याशी प्रस्तावकों और समर्थकों के साथ पहुंचे, तो कुछ उम्मीदवारों ने सादगी के साथ सीमित लोगों की मौजूदगी में नामांकन प्रक्रिया पूरी की।

उम्मीदवारों और समर्थकों की भीड़ को देखते हुए उपखंड कार्यालय परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस जाप्ता तैनात रहा और नामांकन कक्ष के आसपास भीड़ को नियंत्रित किया गया।



## मनोरंजन समाचार

## कार एक्सीडेंट में बाल-बाल बचे द ग्रेट खली, वीडियो पोस्ट कर दिया हेल्थ अपडेट, अब कैसी है हालत



द ग्रेट खली उर्फ रेसलर दिलीप सिंह 29 अगस्त 2026 को एक दुर्घटना का शिकार हो गए। शनिवार को हरियाणा के पानीपत में एक टोल प्लाजा पर रेसलर की SUV एक कार से टकरा गई। इस दुर्घटना का एक वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद ग्रेट खली ने अब एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करके अपने फैंस को अपनी सलामती के बारे में बताया है और दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। 'बिग बॉस 4' फेम खली ने फैंस को इसे मामूली दुर्घटना बताया और कहा कि यह कोई बड़ी बात नहीं है। साथ ही हेल्थ अपडेट देते हुए, कहा कि वह सुरक्षित हैं। खली ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कहा, 'कल मेरी कार का एक्सीडेंट हो गया था और तब से मुझे अपनी खैरियत जानने के लिए बहुत सारे फोन कॉल और मैसेज मिल रहे हैं, लेकिन सब ठीक है। मैं बिल्कुल ठीक हूं। यह आप लोगों का और भगवान का आशीर्वाद है जो मेरे साथ है। यह एक मामूली दुर्घटना थी और इसीलिए मैं किसी को इसके बारे में बताना नहीं चाहता था, क्योंकि मैं इसे कोई बड़ी बात नहीं बनाना चाहता था, लेकिन फिर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया इसलिए मैं बस साफ करना चाहता था, लेकिन मैं बिल्कुल ठीक हूं। अपना ध्यान रखें, जय हिंद।' एक्सीडेंट के वायरल वीडियो में एक व्हाइट कार का अगला हिस्सा टूटा दिख रहा है। हालांकि, वीडियो में खली चलते हुए और एक दूसरी गाड़ी काली स्कॉर्पियो में बैठते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने 2005 में 'द लॉन्गेस्ट यार्ड' में टर्ली के तौर पर फिल्मों में डेब्यू किया।

## सनी देओल और राजकुमार संतोषी की फिर जमेगी जोड़ी, 'बंटवारा 1947' के बाद 'घातक घुस के मारेगा' का किया ऐलान



फिल्ममेकर राजकुमार संतोषी और एक्टर सनी देओल एक बार फिर साथ काम करने के लिए तैयार हैं। इस बार वे सनी की 1996 की सबसे चर्चित एक्शन फिल्म 'घातक' के एक पसंदीदा किरदार को वापस ला रहे हैं। फिल्ममेकर ने कन्फर्म किया है कि उनके आने वाले प्रोजेक्ट का नाम 'घातक घुस के मारेगा' है। उन्होंने यह भी साफ किया है कि भले ही सनी 'घातक' वाले अपने किरदार को ही निभाएंगे, लेकिन यह नई फिल्म कोई सीक्वल नहीं होगी। 'बंटवारा 1947' के बाद अब सनी देओल और राजकुमार संतोषी ने 'घातक घुस के मारेगा' के लिए हाथ मिलाया है। राजकुमार संतोषी ने अपनी 1994 की फिल्म 'अंदाज अपना अपना' की दुनिया पर आधारित एक और प्रोजेक्ट की भी पुष्टि की है। 'अदा अपनी अपनी' नाम की इस फिल्म में कहानी बिल्कुल नई होगी, लेकिन ओरिजिनल फिल्म की कॉमेडी और एडवेंचर वाले एलिमेंट इसमें भी होंगे। PTI को दिए एक इंटरव्यू में संतोषी ने कहा, 'सनी और मैं कुछ कहानियों पर काम कर रहे हैं और जल्द ही हम इसके बारे में ऑफिशियल अनाउंसमेंट करेंगे। फिल्म में भरपूर एक्शन है। इसका नाम घातक घुस के मारेगा है। यह कोई सीक्वल नहीं है, लेकिन किरदार वही है जैसे बनारस वाला किरदार था।' 'घातक घुस के मारेगा' फिल्ममेकर संतोषी और सनी देओल के बीच एक और कोलैबोरेशन है। इससे पहले वे 'घायल', 'दामिनी' और 'घातक' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। संतोषी ने यह भी वादा किया है कि नई फिल्म में जबरदस्त एक्शन के साथ-साथ सनी के किरदार से जुड़ी इमोशनल गहराई भी देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में एक्शन, दमदार डायलॉग और भरपूर इमोशन होंगे, जो उन्हें लगता है कि एक्टर के फैंस को पसंद आएंगे। फिल्ममेकर ने आगे कहा, 'सनी के फैंस खुश होंगे, क्योंकि इस नई फिल्म में एक्शन, दमदार डायलॉग और इमोशन हैं।

## रजत दलाल का पार्किंग कलेश, 45 मिनट किया इंतजार, फिर सनका माथा



'बिग बॉस 18' फेम यूट्यूबर रजत दलाल एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर रजत दलाल ने कुछ वीडियो शेयर किए हैं, जिसमें वह अपनी गाड़ी से एक कार को टक्कर मारते नजर आ रहे हैं। रजत दलाल इस वीडियो के सामने आने के बाद ट्रोल्स के निशाने पर आ गए हैं। फरीदाबाद में पार्किंग एरिया में गाड़ियों की पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद रजत दलाल ने अपनी थार से टक्कर मारते हुए दूसरी कार को साइड किया और निकल गए। रजत दलाल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कई वीडियो शेयर किए हैं और कहा कि 'ये रोज का ड्रामा है'। उन्हों एक इंस्टाग्राम स्टोरी पर पार्किंग एरिया की तस्वीर शेयर की।

# हिप इंजरी के बाद रश्मिका मंदाना जल्द करेंगी काम पर वापसी, बोलीं- घर पर बिताया समय करूंगी मिस

रश्मिका मंदाना ने आखिरकार अपनी हिप इंजरी के बाद काम पर फिर से वापसी को लेकर अपडेट दी है, जिसकी वजह से इस साल की शुरुआत में उनका काम रुक गया था। 'मैसा' के लिए एक डांस सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान उन्हें हिप इंजरी हुई थी, जिसके बाद अब एक्ट्रेस ने अपने नए पोस्ट में अपनी स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी है और बताया कि वह सबसे ज्यादा घर पर बिताया गया टाइम मिस करेंगी। हाल ही में शूटिंग के दौरान हिप में चोट लगने के बाद रश्मिका मंदाना ने एक्टिंग से कुछ समय का ब्रेक लिया था। चोट के बारे में बात करने के लगभग एक महीने बाद एक्ट्रेस ने बताया है कि वह जल्द ही काम पर वापस लौटेंगी। अपने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट में रश्मिका मंदाना ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह चोट से ठीक होने के दौरान घर पर अपने करीबियों के साथ अच्छा समय बिताती दिख रही हैं। तस्वीरों में उन्हें पूजा करते, अपने कुत्ते के साथ खेलते, पिक्चर पज़ल सॉल्व करते, गार्डन को देखते हुए आराम करते और कई दूसरी एक्टिविटीज



का मजा लेते हुए देखा जा सकता है। वीडियो और तस्वीरों के कैरोसेल में रश्मिका ने कहा कि भले ही वह काम पर लौट रही हैं, लेकिन उन्हें घर पर बिताया यह समय याद आएगा। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'मैं जल्द ही काम पर वापस लौट रही हूं और मुझे निश्चित रूप से यह सब याद आएगा!' चोट लगने से पहले रश्मिका कई फिल्मों पर एक साथ काम कर रही थीं। उनकी आने वाली फिल्मों में 'रणबाली' और 'मैसा' शामिल हैं। 'मैसा' गोंड जनजाति की पृष्ठभूमि पर बनी एक इमोशनल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में रश्मिका एक गोंड महिला का मुख्य किरदार निभा रही हैं। यह एक साहसी भूमिका है जो उनके पिछले किरदारों से बिल्कुल अलग होगी।

वह विजय देवरकोंडा के साथ 'रणबाली' में भी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन राहुल सांकृतियन कर रहे हैं। ब्रिटिश राज के समय पर आधारित यह तेलुगु पीरियड ड्रामा भारतीय इतिहास के कम ज्ञात अध्यायों से प्रेरित एक काल्पनिक कहानी है।

यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होने वाली है। रश्मिका मंदाना की काम पर वापसी की खबर सामने आने के बाद उनके प्रशंसकों के बीच भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

चोट के कारण कुछ समय तक घर पर आराम करने के बाद अभिनेत्री अब धीरे-धीरे अपनी सामान्य दिनचर्या की ओर लौट रही हैं। उनके हालिया संदेश से भी साफ है कि इस दौरान उन्होंने काम से दूर रहकर अपने परिवार और करीबी लोगों के साथ सुकून भरे पल बिताए।

स्वास्थ्य लाभ के दौरान रश्मिका ने खुद को व्यस्त रखने के लिए कई छोटी-छोटी गतिविधियों का सहारा लिया। तस्वीरों में वह पूजा-अर्चना करती, अपने पालतू कुत्ते के साथ समय बिताती और घर के शांत वातावरण का आनंद लेती नजर आईं। उन्होंने इस दौरान पहेलियां सुलझाने और बगीचे में समय बिताने जैसी गतिविधियों को भी अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया।

# पेरिस में दिलजीत दोसांझ का पंजाबी तड़का, एफिल टॉवर के सामने दिए देसी पोज

पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ, जो अभी अपने बहुप्रतीक्षित 'ऑरा वर्ल्ड टूर 2026' के तहत यूके और यूरोप के दौरे पर हैं, ने पेरिस में बिताए समय की झलकियां शेयर कीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फ्रांस की राजधानी में बिताए अपने समय की एक झलक दिखाई। दिलजीत ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन लिखा, "पेरिस में प्योर रोमांस था, कल वियना में," जिससे पता चलता है कि उनके यूरोप दौरे का अगला पड़ाव वियना है। अपने खास पंजाबी अंदाज के लिए मशहूर दिलजीत ने पेरिस के बैकग्राउंड में अपना देसी टच भी जोड़ा। इन तस्वीरों में 'उड़ता पंजाब' के एक्टर को एफिल टॉवर के सामने अलग-अलग पोज देते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने अपने पेरिस कॉन्सर्ट की झलकियां भी शेयर कीं, जिनमें वेन्यू के अंदर का जबरदस्त माहौल दिखाई दे रहा है। तस्वीरों में फैंस दिलजीत के लिए जोश के साथ चीयर करते दिख रहे हैं, जबकि एक दिल को छू लेने वाले पल में सिंगर अपने फैंस के हाथों को चूमते हुए नजर आ रहे हैं। कुछ दिन पहले, दिलजीत दोसांझ ने प्राग में बिताए अपने समय की झलक दिखाई थी, जहां उन्होंने अपने चल रहे 'ऑरा वर्ल्ड टूर' के कॉन्सट्र्स के बीच चेक गणराज्य की राजधानी को एक्सप्लोर किया। सोशल मीडिया पोस्ट्स की एक सीरीज के जरिए उन्होंने शहर की आर्किटेक्चर, खाने, वॉटरवेज और लोकल कल्चर की झलकियां दिखाईं। एक वीडियो में दिलजीत को प्राग के वॉटरवेज़ में बोट राइड का मजा लेते हुए भी देखा गया। अपनी पंजाबी जड़ों के मुताबिक, उन्होंने अपने सिग्नेचर भांगड़ा मूव्स दिखाए और कुछ लोकल लोगों और बोट क्रू के सदस्यों को भी यह डांस सिखाया, जिन्होंने खुशी-खुशी उनके स्टेप्स को फॉलो किया। टूर की बात करें तो, दिलजीत के बर्लिन कॉन्सर्ट के साथ उनके 'ऑरा वर्ल्ड टूर 2026' के तहत यूके और यूरोप के नौ शहरों में होने वाले एरीना टूर की शुरुआत हुई। सिंगर-एक्टर इसके बाद डबलिन, मिलान और एम्स्टर्डम जैसी कई अहम जगहों पर अपनी म्यूजिक परफॉर्मेंस देंगे। इस टूर का एक मुख्य आकर्षण लंदन के वेम्बली स्टेडियम में दिलजीत की बहुप्रतीक्षित परफॉर्मेंस होगी, जो दुनिया के सबसे मशहूर वेन्यूज में से एक है। पंजाबी सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने 'ऑरा वर्ल्ड टूर 2026' के तहत यूके और यूरोप के दौरे पर हैं। हाल ही में उन्होंने पेरिस में बिताए खूबसूरत पलों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। एफिल टॉवर के सामने पोज देते दिलजीत का देसी अंदाज फैंस को काफी पसंद आया। उन्होंने तस्वीरों के साथ लिखा, "पेरिस में प्योर रोमांस था, कल वियना में," जिससे उनके टूर के अगले पड़ाव की जानकारी भी मिली। दिलजीत ने पेरिस कॉन्सर्ट की झलकियां भी साझा कीं। वीडियो और तस्वीरों में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। फैंस उन्हें चीयर करते नजर आए, वहीं एक भावुक पल में दिलजीत अपने प्रशंसकों के हाथ चूमते भी दिखाई दिए। इससे फैंस के साथ उनकी खास बॉन्डिंग की झलक मिली। इससे पहले दिलजीत ने प्राग की तस्वीरें और वीडियो भी शेयर किए थे। उन्होंने शहर की खूबसूरत इमारतों, खान-पान, वॉटरवेज और स्थानीय संस्कृति को करीब से देखा। बोट राइड के दौरान उन्होंने अपने सिग्नेचर भांगड़ा मूव्स भी दिखाए और बोट क्रू व स्थानीय लोगों को भांगड़ा सिखाया। लोगों ने भी उत्साह के साथ उनके स्टेप्स को फॉलो किया। दिलजीत का 'ऑरा वर्ल्ड टूर 2026' बर्लिन से शुरू हुआ है। इसके तहत वह यूके और यूरोप के नौ शहरों में एरीना कॉन्सर्ट करेंगे। डबलिन, मिलान और एम्स्टर्डम समेत कई शहरों में उनकी परफॉर्मेंस प्रस्तावित है। टूर का प्रमुख आकर्षण लंदन के प्रतिष्ठित वेम्बली स्टेडियम में होने वाला उनका कॉन्सर्ट रहेगा।



दिलजीत के 'ऑरा वर्ल्ड टूर 2026' की शुरुआत बर्लिन कॉन्सर्ट से हुई है। यूके और यूरोप के नौ शहरों में होने वाले इस एरीना टूर में वह डबलिन, मिलान और एम्स्टर्डम समेत कई प्रमुख शहरों में परफॉर्म करेंगे। टूर का सबसे बड़ा आकर्षण लंदन का प्रतिष्ठित वेम्बली स्टेडियम होगा, जहां दिलजीत की बहुप्रतीक्षित परफॉर्मेंस होने वाली है।

## नेपाल बाढ़ पर मनीषा कोइराला ने जताई चिंता, भारत-चीन से एकजुट होने की अपील, हुईं भावुक




बॉलीवुड एक्ट्रेस मनीषा कोइराला ने भारत, चीन और नेपाल से मिलकर कोशिश करने की अपील की है, क्योंकि देश अचानक आई बाढ़ के दुख से जूझ रहा है। एक्ट्रेस ने रविवार, 30 अगस्त को आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु की अगुवाई में हुए एक खास एकजुटता कार्यक्रम 'इन सॉलिडैरिटी विद नेपाल' में यह अपील की। मनीषा ने ग्लोबल वार्मिंग को उन वजहों में से एक बताया, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने पड़ोसी देशों से अपील की कि वे मौसम से जुड़ी आपदाओं के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए मिलकर काम करें।

इसके पहले सोशल मीडिया पर अनुपम खेर ने लोगों से एक-दूसरे की मदद करने की अपील की थी। ANI के शेयर किए गए एक वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा, 'हम ग्लोबल वार्मिंग का बुरा असर झेल रहे हैं। हमारा अगला कदम क्या होना चाहिए? मेरी गुजारिश है कि हम इंसान के तौर पर और हमारे महान पड़ोसी देश - चीन, भारत और नेपाल किसी तरह साथ आएं और मिलकर कुछ करें। हम एक-दूसरे से बहुत गहराई से जुड़े हुए हैं और ऐसी चीजों से बचने की कोशिश करें। मैं उम्मीद और प्रार्थना करती हूं। इस विनाशकारी पल को समझकर हम बेहतर इंसान बनें। हम दूसरों की भी वैसे ही मदद करें जैसे हम अपनों की करते हैं।'

## 'इंडियाज गॉट लेटेंट' से जुड़ा नया विवाद, अब बिहारी-कश्मीरी कमेंट पर घिरे समय रैना, सोशल मीडिया पर मचा बवाल

कॉमेडियन समय रैना एक बार फिर अपने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' को लेकर विवादों में घिर गए हैं। शो के हालिया एपिसोड में बिहार और कश्मीर पर हुई टिप्पणी के चलते नया बवाल खड़ा हो गया है। शो के लेटेस्ट एपिसोड में 'इंडियाज गॉट लेटेंट' सीजन वन की शेरॉन वर्मा भी बतौर पैनलिस्ट शामिल हुई थीं, जिनसे बातचीत के दौरान समय रैना ने बिहारियों से जुड़ा जोक मारा, जिसके जवाब में शेरॉन ने भी कश्मीरी पंडितों पर कमेंट किया, जिसके चलते अब शो एक नए विवाद में घिर गया है।

सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि शो में जानबूझकर कश्मीरी और बिहारियों की भावनाओं को आहत करने के लिए इस तरह के कमेंट किए गए हैं। वहीं इस पूरे विवाद में अब कई राजनीतिक दलों की भी एंट्री हो गई है। एएनआई के अनुसार, शिवसेना नेता आनंद दुबे ने कॉमेडियन समय रैना के कमेंट और शो की आलोचना की है और बिहार के एजुकेशन मिनिस्टर मिथिलेश तिवारी ने भी नागरिकों और समुदायों के बारे में अपमानजनक टिप्पणियों पर नाराजगी जाहिर की है।

उन्होंने शेरॉन वर्मा और समय रैना के बीच हुई बातचीत को अपमानजनक टिप्पणी बताते हुए कहा कि इस तरह के कमेंट्स को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि जब मजाक के दौरान किसी समुदाय या क्षेत्र का ज़िक्र किया जाता है तो कॉमेडियन को सावधान रहना चाहिए।

शो के हालिया एपिसोड को लेकर हुए विवाद की बात करें तो समय रैना और शेरॉन शर्मा के बीच हुई बातचीत को लेकर ये नया विवाद खड़ा हुआ है।

शो के दौरान समय रैना मजाक-मजाक में शेरॉन शर्मा की पृष्ठभूमि को लेकर बात करते हुए कहते



हैं- 'शेरॉन इतनी बिहारी है कि इसे 'इबोला' का मतलब लगता है कि किसी ने कुछ कहा, यानी बोला है।' समय रैना के कमेंट पर पलटवार करते हुए शेरॉन कहती हैं- 'समय इतना कश्मीरी है कि उसे 'स्टोन' (नशे में धुत रहना) पसंद है।' समय फिर कहते हैं- 'शेरॉन एक बिहारी हैं जो नौकरी की तलाश में मुंबई आई थीं, बिहारी अक्सर ऐसा करते हैं।' जवाब में शेरनॉन ने कहा- 'कम से कम मैंने अपना स्टेट अपनी मर्जी से छोड़ा है।' शेरॉन वर्मा की बात करें तो वह एक स्टेंडअप कॉमेडियन हैं, जिन्हें 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के पहले सीजन से लोकप्रियता मिली थी। उनके 'वीक इंडिपेंडेंट वुमन' वाले एक्ट को खूब प्यार मिला।

# सार समाचार

## स्विट्जरलैंड में रेव पार्टी के दौरान हुई फायरिंग, एक महिला की मौत



जेनेवा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार तड़के उत्तरी स्विस कैंटन आरौ (Aarau) में एक रेव पार्टी के दौरान फायरिंग हुई। इस गोलीबारी में एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद से आरोपी फरार है, पुलिस की टीम अभी भी संदिग्ध की तलाश कर रही है। पुलिस ने X पर लिखा, "अज्ञात हमलावर की तलाश जारी है।

अपराध के संभावित मकसद और सटीक हालात अभी स्पष्ट नहीं हैं।" कैंटन पुलिस ने X पर लिखा कि 22 वर्षीय एक महिला की घटनास्थल पर ही चोटों के कारण मौत हो गई। 24 से 27 साल की उम्र के चार पुरुषों और एक महिला को अस्पताल ले जाया गया; उन्हें मामूली से लेकर गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने बताया कि सभी पीड़ित स्विट्जरलैंड के निवासी हैं। पुलिस प्रवक्ता पास्कल वेंजेल ने स्विस पब्लिक ब्रॉडकास्टर SRF को बताया कि पुलिस को तड़के करीब 2:30 बजे कैंटन की राजधानी आरौ (Aarau) में गोलीबारी की सूचना मिली। यह शहर ज्यूरिख से 46 किलोमीटर (29 मील) पश्चिम में है।

SRF की रिपोर्ट के अनुसार, घटना के समय आरौ के शैचेन (Schachen) जिले में घुड़दौड़ ट्रैक पर "आरौ रेव वॉल्यूम 7" (Aarau Rave VOL. 7) चल रहा था। फायर डिपार्टमेंट ने घटनास्थल के आसपास के बड़े इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस का एक बड़ा ऑपरेशन चल रहा था और स्थानीय लोगों से उस इलाके से दूर रहने को कहा गया। पुलिस, फायरफाइटर और एम्बुलेंस बड़ी संख्या में घटनास्थल पर मौजूद थे।

## 'उज्बेकिस्तान से ट्रेड 5 गुना बढ़ाने, टेररिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और डिफेंस में सहयोग पर हुई बात'



उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ प्रेस मीट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत-उज्बेकिस्तान के ट्रेड और दोनों देशों की समान सोच व आकांक्षाओं पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि उज्बेकिस्तान की मेरी यह चौथी यात्रा है। यह हमारे संबंधों की निकटता करीबी समन्वय और हमारी गहरी मित्रता को दर्शाता है। भारत और उज्बेकिस्तान की सोच और आकांक्षाओं में गहरी समानता है। यांगी उज्बेकिस्तान और विकसित भारत 2047, दोनों के केंद्र में यूथ, इनोवेशन, इंक्लूसिव ग्रोथ और मॉडर्न टेक्नोलॉजी है। इस साझा विजन पर चलते हुए हम दोनों देशों के लोगों की भलाई के लिए हम निरंतर काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने बताया कि इस वर्ष हमारी स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के 15 साल हो रहे हैं। इस विशेष अवसर पर हमने संबंधों को कॉम्प्रहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का निर्णय लिया है।

## नेपाल में टनल रेस्क्यू बना बड़ी चुनौती, 4 से 5 फीट गीले मलबे के बीच बचाव अभियान जारी



काठमांडू। नेपाल में चीन के रास्ते आए सैलाब ने जहां बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है वहीं बाढ़ और भारी बारिश के बाद जारी राहत एवं बचाव अभियान में भी सेना और बचाव दल को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। त्रिशूली हाइड्रोपावर के टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने की कोशिश लगातार जारी है। टनल के भीतर करीब 4 से 5 फीट तक गीला मलबा जमा होने के कारण रेस्क्यू टीम को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रेस्क्यू टीम के एक सदस्य ने मौके पर टनल के अंदर की स्थिति दिखाते हुए बताया कि मलबे और पानी के कारण बचाव अभियान बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। वहीं इस बीच नेपाल में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए भारत सरकारी की ओर राहत सामग्री की चौथी खेप भेजी गई है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के मुताबिक, शनिवार रात 11 टन राहत सामग्री लेकर भारतीय वायुसेना का C-130 विमान नेपाल भेजा गया। इस खेप में खोज एवं बचाव उपकरणों से लैस टनल टेक्निकल टीम भी शामिल है। भारत की ओर से भेजी गई राहत सामग्री में फोरेंसिक उपकरणों के साथ DNA विश्लेषण के लिए एक्सपर्ट्स की टीम भी शामिल है। इसके अलावा कंबल, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, प्लास्टिक शीट और हाइजीन किट समेत जरूरी राहत सामग्री भेजी गई है। इसका उद्देश्य नेपाल में जारी राहत, बचाव और शवों की पहचान के काम में स्थानीय प्रशासन की मदद करना है। इससे पुल प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क बहाल करने में मदद मिलेगी।

# अमेरिका ने ईरान के लारक द्वीप पर किया हमला, जवाब में जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरानी मिसाइल अटैक



अमेरिका और ईरान के बीच छह महीने से अधिक समय से जारी संघर्ष में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी सेना ने रविवार को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में लारक द्वीप पर ईरान के रॉकेट लॉन्चरों पर हमला किया। यह करीब एक महीने में अमेरिका की ईरान के खिलाफ पहली सैन्य कार्रवाई है। हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की है। ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने दावा किया है कि लारक द्वीप पर अमेरिकी हमले के जवाब में उसने जॉर्डन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, निशाने पर किंग हुसैन और अल-अज़्राक स्थित अमेरिकी ठिकाने थे। इससे पहले रविवार को अमेरिका ने ईरान के लारक द्वीप पर दो सैन्य लॉन्चरों को निशाना बनाया था। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, IRGC के जवान इन लॉन्चरों के जरिए स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में समुद्री बारूदी सुरंगें पहुंचाने वाले रॉकेट लॉन्च करने की तैयारी कर रहे थे। अमेरिका ने इसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा के लिए तत्काल खतरा बताया। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि उनकी सेनाएं इलाके पर करीबी नजर बनाए हुए हैं और समुद्री व्यापार के मुक्त प्रवाह की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में नई माइंस बिछाने वाले किसी भी जहाज या नाव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। लारक द्वीप पर अमेरिकी हमले के बाद ईरानी रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स ने पहले ही चेतावनी दी थी कि इस हमले का जवाब दिया जाएगा। अब ईरानी मीडिया ने IRGC के हवाले से बताया है कि जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया गया। ईरानी सरकारी प्रसारणकर्ता IRIB के अनुसार, लारक पर अमेरिकी हमले में कई ईरानी सैन्यकर्मी और नागरिक मारे गए और घायल हुए। अमेरिका और ईरान के बीच मौजूदा टकराव में स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज सबसे अहम रणनीतिक बिंदु बन गया है।

# ताशकंद में PM मोदी ने लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि, अब पहुंचे किर्गिजस्तान





ताशकंद। पीएम मोदी दो दिन के उज्बेकिस्तान के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने रविवार को ताशकंद में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सम्मान में शास्त्री मेमोरियल पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा उन्होंने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ मिलकर एक पेड़ भी लगाया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि शास्त्री का " 'जय जवान, जय किसान' का सदाबहार नारा पीढ़ियों को प्रेरित करता रहता है"। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनका "जीवन सादगी, साहस और देश के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक था।" बता दें कि भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 11 जनवरी 1966 को उज़्बेक राजधानी ताशकंद में अचानक निधन हो गया था। यह घटना 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को समाप्त करने के लिए ऐतिहासिक ताशकंद समझौते पर हस्ताक्षर करने के कुछ ही घंटों बाद हुई थी। विदेश मंत्रालय ने 'X' पर पोस्ट में बताया कि कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव ने भारत की "एक पेड़ मां के नाम" पहल और उज्बेकिस्तान के "यशिल माकोन" (ग्रीन) प्रयासों के तहत राष्ट्रपति भवन के बगीचे में संयुक्त रूप से एक पेड़ भी लगाया। मंत्रालय ने कहा, "यह कदम एक हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य को संवारने के प्रति भारत और उज्बेकिस्तान की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।" यह वृक्षारोपण समारोह पीएम मोदी की उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के हिस्से के रूप में कुक्सारॉय राष्ट्रपति भवन में मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल-स्तर की बातचीत के बाद हुआ। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की। इसमें व्यापार और निवेश, नवाचार और स्टार्ट-अप, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और UPI, रक्षा और सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और फार्मास्यूटिकल्स, महत्वपूर्ण खनिज, कृषि, शिक्षा, पर्यटन, अंतरिक्ष और लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे विषय शामिल थे। बातचीत के दौरान, दोनों पक्षों ने अपनी द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया। उन्होंने 2030 तक 5 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य निर्धारित करने पर भी सहमति व्यक्त की और आर्थिक तथा निवेश संबंधों को गहरा करने के लिए एक व्यापार शिखर सम्मेलन आयोजित करने का आह्वान किया। फिलहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान के बाद अब किर्गिज़स्तान पहुंच गए हैं।

# नेपाल की आपदा में अबतक 788 लोगों की मौत, 2500 से ज्यादा अब भी लापता; रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी



काठमांडू। नेपाल में अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 788 हो गई है। मलबे में शव मिलने का सिलसिला अभी भी जारी है। दूसरी तरफ अधिकारियों ने भोटेकोशी नदी में जलस्तर बढ़ने की चेतावनी जारी की है। उन्होंने बाढ़ प्रभावित जिलों में रहने वाले लोगों और बचाव कर्मियों से सतर्क रहने को कहा है। नेशनल डिज़ास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट अथॉरिटी (NDRRMA) के अनुसार, 2,500 से ज़्यादा लोग अभी भी लापता हैं, जबकि लगभग 9,500 लोगों को बचाया गया है। यह आपदा नेपाल-तिब्बत सीमा के पास बर्फ और चट्टानों के गिरने या हिमस्खलन के कारण आई, जिसने 26 अगस्त को उत्तरी और मध्य नेपाल के कस्बों और गांवों को तबाह कर दिया। हिमालयी सीमावर्ती क्षेत्र से दक्षिण की ओर बहने वाली भोटेकोशी नदी बाढ़ का पानी निचले इलाकों में ले गई, जिससे घर, वाहन, सड़कें और पुल बह गए और पनबिजली परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। चीनी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इसने चीन की तरफ भी 16 लोगों की जान ले ली, जबकि तिब्बत में लगभग 550 लोग लापता हैं। एक बयान में NDRRMA ने चेतावनी दी कि भोटेकोशी नदी में जलस्तर फिर से बढ़ गया है। इसने कहा, "बाढ़ग्रस्त भोटेकोशी नदी में जलस्तर कुछ हद तक बढ़ गया है। सभी संबंधित लोगों से एहतियाती उपाय करने का आग्रह किया जाता है।" साथ ही कहा कि अतिरिक्त जानकारी मिलने के बाद स्थिति के बारे में अपडेट दिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, आपदा के बाद नेपाल में 591 विदेशियों सहित कुल 2,502 लोग लापता हैं।

# पीएम मोदी को मिला उज़्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान, द्विपक्षीय बैठक में कई अहम समझौते



ताशकंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उज्बेकिस्तान के सर्वेच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने एक समारोह में पीएम मोदी को यह सुप्रीम अवार्ड दिया। इससे पहले उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने ताशकंद में द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दोनों राष्ट्राध्यक्ष कर रहे थे। दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग, तकनीक, ऊर्जा, कारोबार और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस दौरान भारत और उज्बेकिस्तान के संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने की दिशा में आगे बढ़ने की घोषणा की गई। द्विपक्षीय वार्ता के बाद पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने कई अहम फैसले लिए हैं और इन पर दोनों पक्षों की टीमें भी एकमत हैं। उन्होंने बताया कि आपसी सहयोग के सभी पहलुओं को दिशा देने के लिए विदेश मंत्री स्तर पर एक कोऑर्डिनेशन काउंसिल बनाई जाएगी। इसके साथ ही दोनों देशों के संयुक्त आयोग को सचिव स्तर से मंत्री स्तर तक ले जाने का फैसला किया गया है। पीएम मोदी ने कहा, "हम आपसी सहयोग के सभी पहलुओं को दिशा देने के लिए विदेश मंत्री स्तर पर एक समन्वय परिषद (Coordination Council) का गठन करेंगे। हम अपने संयुक्त आयोग (Joint Commission) को सचिव स्तर से मंत्री स्तर तक ले जाएंगे। दोनों पक्ष मिलकर एक बिज़नेस समिट का आयोजन करेंगे जिसमें दोनों देशों के बिज़नेस लीडर्स शामिल होंगे। हम यूरेनियम की आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक व्यवस्था बनाएंगे। आज, हम तीन सिस्टर-सिटी और सिस्टर-स्टेट व्यवस्थाएं कर रहे हैं। हमें उनकी क्षमता को पूरी तरह से साकार करने के लिए एक रोडमैप बनाना चाहिए। आपके देश में 'न्यू ताशकंद' जैसे मेगा-प्रोजेक्ट चल रहे हैं, भारत में हमने गुजरात में GIFT सिटी बनाई है। आपके करीबी दोस्तों के तौर पर, हम निश्चित रूप से इन सभी उपलब्धियों को देखकर बहुत खुश हैं।

# नेपाल बाढ़ से 781 लोगों की मौत, 2,500 से ज्यादा लापता: आपदा प्राधिकरण प्रमुख

काठमांडू। नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ को मेगा आपदा बताते हुए आपदा प्राधिकरण प्रमुख डॉ. धर्मराज उप्रेती ने बताया कि अब तक 781 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि 2,502 लोग अभी भी लापता हैं। लगभग 8,730 लोगों को बचाया गया है और 19,895 सुरक्षाकर्मी बचाव अभियान में लगे हैं। उन्होंने कहा कि छह सुरंगों में लोगों के फंसे होने की आशंका है, जिससे लगातार लोगों को निकाला जा रहा है, वहीं भारत के सुरंग विशेषज्ञ और चीन दोनों ही बचाव और सूचना साझा करने में सहयोग कर रहे हैं। आपदा प्राधिकरण प्रमुख डॉ. धर्मराज उप्रेती ने कहा, "781 शव बरामद हुए हैं और 2,502 लोग अभी भी लापता हैं। लगभग 8,730 लोगों को बचाया गया है। लगभग 19,895 सुरक्षा बल तैनात हैं, तो बचाव और खोज अभियान जारी है। लगभग छह सुरंगें चालू हैं। लोगों को सुरंगों में फंसे होने का डर है, इसलिए हम उन्हें बाहर निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। सुरंगों से लोगों को बचाया जा रहा है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि और लोगों को बचाया जाएगा।" बाढ़ के खतरे को लेकर उन्होंने कहा, "बाढ़ ने हमारे इलाके को बुरी तरह प्रभावित किया है, इसलिए हाहाकार मचा है। बाढ़ के अगले दिन भी हमने यह सुना था कि बाढ़ की अगली लहर आ रही है। फिर हमने जोखिम-ग्रस्त समुदायों को बहुत सारे एसएमएस भेजे। नदी के प्रवाह में थोड़ी वृद्धि हुई, लेकिन पहले जितनी तीव्र नहीं थी। इसने इस तरह के हाहाकार को जन्म दिया क्योंकि हमारे पास अपस्ट्रीम क्षेत्र में कोई अवलोकन प्रणाली नहीं है।

# अमेरिका के साउथ कैरोलिना के पार्क में फायरिंग, एक पुलिस अधिकारी की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के साउथ कैरोलिना राज्य के कोलंबिया शहर में एक पार्क में हुई फायरिंग में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई, जबकि दूसरा अधिकारी घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध हमलावर की भी मौत हो गई है। कोलंबिया पुलिस विभाग के प्रमुख डब्ल्यूएच स्किप होलब्रुक ने इस घटना की पुष्टि की। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, होलब्रुक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह घटना शहर के हेजलवुड रोड स्थित साउथईस्ट पार्क में हुई। दो पुलिस अधिकारी घरेलू विवाद की सूचना मिलने के बाद वहां पहुंचे थे, तभी गोलीबारी हो गई। कोलंबिया पुलिस विभाग के अनुसार, 29 वर्षीय क्रिस डीलोंग ड्यूटी के दौरान गोली लगने से मारे गए।

इसके अलावा, दूसरे अधिकारी डेविड डाइमॉक भी गोली लगने से घायल हो गए। हालांकि उनकी हालत स्थिर बताई गई है। शनिवार शाम आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में होलब्रुक ने कहा, "हम ऐसी दुखद परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं जिसकी शायद कोई कल्पना भी नहीं कर सकता।" पुलिस ने बताया कि स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12 बजे तक घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया गया था। जांच जारी रहने के कारण कानून-व्यवस्था एजेंसियों ने लोगों से उस इलाके से दूर रहने की अपील की। 'ऑफिसर डाउन' मेमोरियल पेज के अनुसार, कोलंबिया में ड्यूटी के दौरान गोली लगने से शहीद होने वाले आखिरी पुलिस अधिकारी लेफ्टिनेंट फिलिप जॉर्ज श्लाटेरेर थे, जिनकी 25 जुलाई 1974 को मौत हुई थी।

# भारत और उज्बेकिस्तान के रिश्ते अब 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर पर: पीएम मोदी



ताशकंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को घोषणा की कि भारत और उज्बेकिस्तान के रिश्तों को अब व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा दिया गया है। उज्बेकिस्तान के सर्वोच्च सम्मान 'ओली दराजली दोस्तलिक' ऑर्डर से सम्मानित किए जाने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, "आपके दूरदर्शी नेतृत्व और भारत के प्रति आपकी मित्रता की भावना की बदौलत हमारे संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। हमारे रिश्ते नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहे हैं और इसी का परिणाम है कि अब हमारे संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा दिया गया है।" प्रधानमंत्री मोदी ने यह सम्मान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच सदियों पुरानी दोस्ती और साझा विरासत को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। उन्होंने कहा, "उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान पाकर मुझे बेहद गर्व महसूस हो रहा है। आपने 'दोस्तलिक' शब्द का इस्तेमाल किया, जिससे भारत के लोग भी बहुत अच्छी तरह परिचित हैं। हमारे देश में शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा जहां 'दोस्त' शब्द दिन में कई बार इस्तेमाल न होता हो। और आज आपने सचमुच 'दोस्तलिक' की भावना को जीवंत कर दिया है। 'दोस्तलिक' का मतलब है दोस्ती। यही शब्द भारत और उज्बेकिस्तान के रिश्तों की असली भावना को सबसे बेहतर तरीके से बयान करता है।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत, उज्बेकिस्तान के साथ अपनी मित्रता को हमेशा मजबूत बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# खेल समाचार

## पाकिस्तान के मोहम्मद अब्बास ने लॉर्ड्स में रचा इतिहास, भारतीय गेंदबाज का 74 साल पुराना कीर्तिमान ध्वस्त

पाकिस्तान के लिए इंग्लैंड दौरे पर अगर कोई खिलाड़ी उम्मीद की किरण बनकर उभरा है, तो वह मोहम्मद अब्बास हैं। लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर 36 साल के इस तेज गेंदबाज ने वह कर दिखाया, जो इससे पहले एशिया का कोई गेंदबाज नहीं कर सका था। दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लेते ही अब्बास ने मैच में कुल 9 विकेट अपने नाम कर लिए। इस तरह अब्बास ने इतिहास रचते हुए रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। अब्बास ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। इससे पहले पहली पारी में भी उन्होंने चार विकेट चटकाए थे। इस तरह उनका मैच में गेंदबाजी प्रदर्शन 9 विकेट पर 130 रन रहा। उनकी घातक गेंदबाजी के कारण इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 290 और दूसरी पारी में 208 रन पर सिमट गई। अब्बास ने लॉर्ड्स के मैदान पर एक टेस्ट में नौ विकेट लेने वाले पहले एशियाई तेज गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। लॉर्ड्स में किसी एशियाई तेज गेंदबाज द्वारा एक टेस्ट में आठ या उससे ज्यादा विकेट लेने के मामले में अब्बास का नाम पहले से ही दर्ज है। 2018 में उन्होंने इसी मैदान पर 8/64 का शानदार प्रदर्शन किया था। अब 2026 में 9/130 के साथ उन्होंने उस प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया।

## स्मृति मंधाना ने छुआ बड़ा मुकाम, सूजी बेट्स को पछाड़ा, अब खतरे में मिताली राज का वर्ल्ड रिकॉर्ड



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। ACC वूमेन्स एशिया कप 2026 में थाईलैंड के खिलाफ मुकाबले के दौरान स्मृति ने न्यूजीलैंड की दिग्गज बल्लेबाज सूजी बेट्स को पीछे छोड़ते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला खिलाड़ी बन गईं। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप ए मुकाबले में स्मृति को यह रिकॉर्ड अपने नाम करने के लिए सिर्फ चार रन की जरूरत थी। उन्होंने भारतीय पारी की शुरुआत में ही थाईलैंड की स्पिनर फनिता माया की गेंद पर चौका लगाकर सूजी बेट्स को पीछे छोड़ दिया। स्मृति ने इस मुकाबले में 10 गेंदों पर 19 रन बनाए।

अपनी पारी के दौरान उन्होंने चार चौके लगाए, हालांकि, तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर दूसरा रन लेने की कोशिश में वह रन आउट हो गईं। इसके बावजूद यह पारी उनके लिए ऐतिहासिक साबित हुई।

स्मृति के नाम अब इंटरनेशनल क्रिकेट में 10856 रन दर्ज हो गए हैं। उनसे आगे अब सिर्फ भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली महिला बल्लेबाजों की सूची में मिताली राज शीर्ष पर हैं। उनके नाम 10868 रन दर्ज हैं, जबकि स्मृति अब उनसे बेहद करीब पहुंच गई हैं। न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स तीसरे स्थान पर हैं।

## स्पेन को 1-0 से मात देकर जर्मनी ने जीता चौथा खिताब, स्ट्रुथॉफ मिशेल बने हीरो



नई दिल्ली। जर्मनी ने रविवार को बेल्जियम के वावरे में खेले गए 'एफआईएच मेंस हॉकी वर्ल्ड कप 2026' के फाइनल में स्पेन को 1-0 से मात देकर अपना चौथा खिताब जीता।

जर्मनी ने साल 2002 में अपना पहला खिताब जीता था। इसके बाद साल 2006 में भी यह टीम विजेता रही। साल 2023 में जर्मनी ने बेल्जियम को मात देकर तीसरी बार इस ट्रॉफी को अपने नाम किया था। बेल्फियस हॉकी एरीना में खेला गया पुरुषों का फाइनल मुकाबला बेहद कड़ा रहा, जिसके शुरुआती दो क्वार्टर गोल रहित रहे और फिर तीसरे कार्टर में एकमात्र गोल आया। इस मुकाबले के हीरो स्ट्रुथॉफ मिशेल रहे, जिन्होंने 44वें मुकाबले में मैच जिताऊ गोल किया। स्पेन साल 1998 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप के फाइनल में खेल रहा था। इस टीम ने लंबे समय तक गेंद पर कब्जा जमाए रखे। उन्हें इस बीच कई मौके मिले, लेकिन जर्मन डिफेंस को भेदना मुश्किल था। 'रेड स्टिक्स' (स्पेन) ने आखिरी क्वार्टर में भी दबाव बनाए रखा। चमत्कार की उम्मीद में मैच खत्म होने से चार मिनट से भी कम समय पहले उन्होंने अपने गोलकीपर को भी हटा लिया, लेकिन जर्मनी ने स्पेन को गोल का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले, रविवार को 3/4 स्थान के लिए खेले गए मैच में अर्जेंटीना ने नीदरलैंड को 2-1 से मात दी। मुकाबले के शुरुआती दो क्वार्टर गोलरहित रहे, जिसके बाद तीसरे क्वार्टर में डोमेने टॉमस ने मैच का खाता खोला। डोमेने टॉमस ने 41वें मिनट में गोल करते हुए अर्जेंटीना को 1-0 से आगे कर दिया था, जिसके बाद चौथे क्वार्टर में 2 गोल देखने को मिले। शनिवार को अर्जेंटीना ने महिलाओं के वर्ग में भी खिताब अपने नाम किया था।

## दीप्ति शर्मा ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, 7 गेंदों में 3 विकेट लेकर बनीं नंबर-1 बॉलर




वुमेंस एशिया कप 2026 का तीसरा मैच भारत और थाईलैंड के बीच खेला गया। यह मुकाबला टीम इंडिया की स्टार स्पिनर दीप्ति शर्मा के लिए काफी यादगार रहा। दीप्ति के लिए यह उनके करियर का 150वां T20I मैच था। इस मैच में उन्होंने एक नया रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही वह अब वुमेंस T20I में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। इस मामले में उन्होंने थाईलैंड की स्पिनर थिपाचा पुथावॉन्ग का रिकॉर्ड तोड़ा है। थाईलैंड के खिलाफ मैच में दीप्ति ने 7 गेंदों में 3 विकेट झटके। वुमेंस T20I में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाजों की बात करें तो दीप्ति शर्मा 150 मैचों में 171 विकेट हासिल कर चुकी हैं और वह इस लिस्ट में पहले नंबर पर बनी हुई हैं। वहीं दूसरे नंबर पर थाईलैंड की थिपाचा पुथावॉन्ग का नाम है। उन्होंने अब तक 109 मैचों में 170 विकेट हासिल किए हैं। रवांडा की हेनरिएट इशिम्वे 134 मैचों में 164 विकेट लेकर लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन ने अब तक 113 T20I मैचों में 154 विकेट लिए हैं और चौथे नंबर पर मौजूद हैं। एशिया कप शुरू होने से पहले दीप्ति और थिपाचा, दोनों 168 विकेट के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पइ थी। फिर थिपाचा ने हांगकांग के खिलाफ अपने पहले मैच में 1 विकेट लिया और दीप्ति से आगे निकलकर नंबर-1 बन गईं। इसके बाद भारत के खिलाफ मैच में उन्होंने 1 विकेट और लिया, जिससे उनके कुल 170 विकेट हो गए। लेकिन दीप्ति शर्मा ने थाईलैंड के खिलाफ मैच में 3 विकेट लेकर थिपाचा को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस मैच में 1.1 ओवर गेंदबाजी की इस दौरान उन्होंने एक भी रन खर्च किए बिना तीन विकेट हासिल करने में कामयाब रही। इंडिया वुमेन और थाईलैंड वुमेन के बीच खेले गए मैच की बात करें तो इस मैच में टीम इंडिया ने 94 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। टीम इंडिया ने एशिया कप में जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए थे। जवाब में थाईलैंड वुमेन की टीम 16.1 ओवर में 65 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। शैफाली वर्मा ने इस मैच में 36 बॉल पर 64 रन की पारी खेली और इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। वुमेंस एशिया कप 2026 में भारत ने थाईलैंड के खिलाफ 94 रन से शानदार जीत दर्ज कर अपने अभियान का विजयी आगाज किया। मुकाबला भारतीय स्टार स्पिनर दीप्ति शर्मा के लिए बेहद खास रहा। अपने करियर का 150वां T20I मैच खेल रही दीप्ति ने शानदार गेंदबाजी करते हुए एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दीप्ति अब महिला T20I क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। थाईलैंड के खिलाफ उन्होंने महज 7 गेंदों में 3 विकेट हासिल किए। उन्होंने 1.1 ओवर में बिना कोई रन दिए तीन विकेट झटके और थाईलैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। इस शानदार प्रदर्शन के साथ दीप्ति के नाम 150 T20I मैचों में कुल 171 विकेट हो गए हैं। उन्होंने थाईलैंड की स्पिनर थिपाचा पुथावॉन्ग को पीछे छोड़कर नंबर-1 स्थान हासिल किया। थिपाचा के नाम 109 मैचों में 170 विकेट हैं। रवांडा की हेनरिएट इशिम्वे 134 मैचों में 164 विकेट के साथ तीसरे और इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 113 मैचों में 154 विकेट के साथ चौथे स्थान पर हैं।

## लॉर्ड्स में बजा इंग्लैंड का डंका, पाकिस्तान को 194 रन से रौंदा, WTC पॉइंट्स टेबल में भी लगाई छलांग



लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर पाकिस्तान के पास मैच बचाने के लिए 389 रन का मुश्किल लक्ष्य था, लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने ऐसी शिकंजा कसा कि पूरी टीम 200 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकी। 30 अगस्त यानी रविवार को इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 194 रन से हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। पाकिस्तान की दूसरी पारी 50.5 ओवर में 194 रन पर सिमट गई। सऊद शकील ने सबसे ज्यादा 97 रन बनाए और शतक से महज तीन रन दूर रह गए, लेकिन उनकी पारी टीम को हार से नहीं बचा सकी। इंग्लैंड की ओर से ऑली रॉबिन्सन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके। जोश टंग ने तीन पाकिस्तानी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा, जबकि जोफ्रा आर्चर ने 15 ओवर में 73 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। पाकिस्तान के खिलाफ लगातार दूसरी टेस्ट जीत के साथ इंग्लैंड ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025-27 में अपने खाते में कुल 62 पॉइंट कर लिए हैं। टीम का पॉइंट्स प्रतिशत यानी PCT बढ़कर 34.44 हो गया है। इस शानदार जीत के बाद इंग्लैंड WTC की पॉइंट्स टेबल में एक पायदान की छलांग लगाने में भी सफल हुआ है। इंग्लिश टीम अब छठे स्थान पर पहुंच गई है। टीम के लिए सीरीज का तीसरा टेस्ट अपनी स्थिति सुधारने का एक और मौका होगा। दूसरी ओर, पाकिस्तान के लिए लॉर्ड्स टेस्ट की हार ने WTC अभियान को और मुश्किल बना दिया है। टीम पॉइंट्स टेबल सबसे निचले यानी 9वें स्थान पर बनी हुई है। इंग्लैंड से लॉर्ड्स में बुरी तरह हारने के बाद पाकिस्तान का PCT 16.67 हो गया है। इंग्लैंड ने सीरीज अपने नाम कर ली है, लेकिन तीसरे टेस्ट में जीत के साथ वह WTC पॉइंट्स टेबल में अपनी स्थिति और मजबूत करने की कोशिश करेगा। वहीं पाकिस्तान के सामने अब सम्मान बचाने के साथ-साथ WTC में वापसी की चुनौती होगी। WTC पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया पहले पायदान पर बरकरार है। ऑस्ट्रेलिया का PCT 80 है। भारतीय टीम 51.52 PCT के साथ 5वें स्थान पर है।

## स्पेन को हराकर जर्मनी चौथी बार बना वर्ल्ड चैंपियन, पाकिस्तान के रिकॉर्ड की बराबरी की




फाइनल में एक गोल की बढ़त बचाना आसान नहीं होता, लेकिन जर्मनी ने अपनी मजबूत डिफेंस के दम पर वही कर दिखाया। FIH पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप के खिताबी मुकाबले में जर्मनी ने स्पेन को 1-0 से हराकर चौथी बार वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ जर्मनी ने पाकिस्तान के चार वर्ल्ड कप खिताब के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। बेल्जियम के वावरे में खेले गए मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पहले हाफ में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन गोल नहीं हो सका। जर्मनी और स्पेन को पहले 15 मिनट में एक-एक पेनल्टी कॉर्नर भी मिला, मगर दोनों ही टीमें उसका फायदा नहीं उठा सकीं। तीसरे क्वार्टर में स्पेन ने जर्मनी पर दबाव बढ़ाया और लगातार हमले किए। स्पेन ने इस दौरान जर्मनी के गोल पर 10 अटैक किए, लेकिन जर्मन डिफेंस को भेदना उसके लिए मुश्किल साबित हुआ। मैच का एकमात्र गोल 44वें मिनट में माइकल स्ट्रुथॉफ ने किया। जर्मनी ने दोनों फ्लैंक से शानदार तालमेल बनाते हुए हमला तैयार किया। दाईं ओर से आए पास को माइकल ने गोल में पहुंचाकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद स्पेन ने बराबरी के लिए पूरी ताकत झोंक दी। आखिरी मिनटों में टीम ने गोलकीपर को भी बाहर बुलाकर अतिरिक्त आक्रामक खिलाड़ी के साथ खेलने का फैसला किया, लेकिन जर्मनी की डिफेंस दीवार बनी रही। इस खिताब के साथ जर्मनी पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप के इतिहास में सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाली टीमों में पाकिस्तान के साथ बराबरी पर पहुंच गया है। जर्मनी ने इससे पहले 2002 में कुआलालंपुर, 2006 में मोनशेनग्लाडबाख और 2023 में भुवनेश्वर में वर्ल्ड कप खिताब जीता था। वहीं, पाकिस्तान ने 1971, 1978, 1982 और 1994 में चार बार वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। वहीं, स्पेन लंबे इंतजार के बाद फाइनल में पहुंचा था।

## सेंट्रल दिल्ली क्वींस को 6 विकेट से मात देकर फाइनल में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स

नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स विमेंस दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है, जिसने रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली क्वींस के खिलाफ 6 विकेट से जीत हासिल की। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स विमेंस दिल्ली प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है, जिसने रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सेंट्रल 5 में से 4 मैच जीतकर नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स (0.581 नेट रन रेट) दूसरे स्थान पर है, जबकि साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स (1.818 नेट रन रेट) ने भी 5 में से 4 ही मैच जीते हैं, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के चलते यह टीम शीर्ष पायदान पर है। सेंट्रल दिल्ली क्वींस और ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने 5 में से 1 मैच जीता है। ये दोनों टीमें खिताबी दौड़ से बाहर हैं। हालांकि, सभी चारों टीम 1 सितंबर को अपने अंतिम लीग मैच खेलेंगी, जिसके बाद 2 सितंबर को खेले जाने वाले फाइनल में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स का सामना साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से होगा। रविवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल दिल्ली क्वींस ने 7 विकेट खोकर 122 रन बनाए। इस टीम ने 4 के स्कोर पर दीक्षा शर्मा (2) का विकेट गंवा दिया था।

## एशिया कप 2026 में टीम इंडिया का धमाकेदार आगाज, थाईलैंड को 94 रनों से रौंदा



ACC वूमेन्स एशिया कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में भारत का सामना थाईलैंड से दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। टीम इंडिया ने अपने पहले ही मैच में 94 रनों से धमाकेदार जीत दर्ज की। थाईलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता मिलने पर टीम इंडिया ने धमाकेदार अंदाज में पारी का आगाज किया, लेकिन फिर थाईलैंड ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए भारत की पूरी टीम 9 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। इस तरह थाईलैंड को जीत के लिए 160 रन बनाने होंगे। थाईलैंड की ओर से सुलीपोर्न लाओमी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट अपने नाम किए। भारत की ओर से सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने अर्धशतक जड़ा। शैफाली ने 36 गेंदों पर 64 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और 3 छक्के जड़े। शैफाली के आउट होते ही भारतीय बल्लेबाजी बुरी तरह लड़खड़ा गई। हालांकि, टीम सम्मानजनकर स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। टीम इंडिया के 159 रनों के जवाब में थाईलैंड के बल्लेबाज बुरी तरह संघर्ष करते नजर आए। पूरी टीम 16.1 ओवर में सिर्फ 65 रनों पर ढेर हो गई। अब टीम इंडिया अपने दूसरे मैच में हांगकांग से भिड़ेगी। 3 सितंबर को यह मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है और उसके खाते में सात एशिया कप खिताब हैं। ऐसे में टीम इंडिया की नजरें 8वें खिताब पर टिकी हैं। थाईलैंड की पूरी टीम 65 रनों पर ढेर हो गई है। इस तरह टीम इंडिया ने 94 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया है। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा और नंदिनी शर्मा ने 3-3 विकेट अपने नाम किए। 15 ओवर की समाप्ति तक थाईलैंड ने 8 विकेट खोकर 60 रन स्कोरबोर्ड पर टांग दिए हैं। अब आखिरी 5 ओवर में जीत के लिए 100 रनों की दरकार है। 10 ओवर पूरे हो चुके हैं और थाईलैंड ने 6 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर सिर्फ 44 रन लगाए हैं। थाईलैंड को जीत के लिए अब भी 10 ओवर में 116 रन बनाने हैं।

## शेर-ए-पंजाब टी20 लीग: लुधियाना लायंस ने आगामी सीजन के लिए लॉन्च की नई जर्सी और मैस्कॉट




लुधियाना। अर्शदीप सिंह की कप्तानी वाली लुधियाना लायंस टीम ने अपनी नई जर्सी लॉन्च की है। टीम 1 सितंबर को बठिंडा रॉयल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और इसी नई जर्सी में मैदान पर उतरेगी। जर्सी का अनावरण एक विशेष कार्यक्रम में किया गया। इस दौरान टीम के आधिकारिक मैस्कॉट 'शेर सिंह' और टीम का एंथम (गीत) भी लॉन्च किया गया। इस आयोजन में टीम ने अपने नए सीजन की तैयारियों की झलक दिखाई। यह मैस्कॉट उस निडर साहस का प्रतीक है जो लुधियाना लायंस के आने वाले सीजन में खेले जाने वाले क्रिकेट के अंदाज में दिखेगा।

लुधियाना लायंस के मुख्य खिलाड़ी अर्शदीप सिंह ने कहा, "शेर-ए-पंजाब टी20 लीग के पहले सीजन को लेकर बहुत उत्साहित हूं और लुधियाना लायंस का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। अब तक तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं। हमने अपनी स्किल्स पर काम करने, टीम में अपनी भूमिकाओं को समझने और एक पूरी टीम के तौर पर मैच की अलग-अलग स्थितियों के लिए तैयारी करने में काफी समय बिताया है।"

# आंतों में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें, गट हेल्थ रहेगी दुरुस्त



हमारी, आंतों की सेहत का असर पाचन, इम्यूनिटी, मेटाबॉलिज्म और मूड पर गहरे तरीके से पड़ता है। गट में मौजूद गुड बैक्टीरिया इन सभी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। आयुर्वेदिक हेल्थ कोच डिंपल जांगड़ा ने कुछ ऐसे फूड्स के बारे में बता रही हैं जिन्हें डाइट में शामिल करने से आंतों में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाने और गट हेल्थ को बेहतर बनाए रखने में मदद मिल सकती है।

प्रीबायोटिक फूड्सः गट हेल्थ को बेहतर बनाए रखने के लिए डाइट में प्रीबायोटिक फूड्स को शामिल करें। कच्चा केला, पकाकर ठंडा किया हुआ चावल, आटिचोक, शतावरी और लहसुन इसके अच्छे विकल्प हैं। पके हुए चावल को ठंडा करने पर उसमें रेजिस्टेंट स्टार्च बनता है, जो आंतों में मौजूद गुड बैक्टीरिया के लिए भोजन का काम करता है। इन्हें नाश्ते या लंच से पहले डाइट में शामिल किया जा सकता है।

फर्मेंटेड फूड्सः चावल के पानी में घी और नमक मिलाकर सेवन करें। इससे लैक्टिक एसिड बैक्टीरिया मिलते हैं जो गट हेल्थ के लिए फायदेमंद है। इसके अलावा घर पर बना इडली-डोसा बैटर, या अच्छी क्वालिटी वाले A2 दूध से बनी लस्सी और छाछ भी बेहतरीन विकल्प हैं। डिंपल जांगड़ा कहती हैं कि घर पर बनी फर्मेंटेड चीज़ें, फैक्ट्री में बनी मीठी दही से कहीं बेहतर होती हैं।

अलग-अलग प्लांट बेस्ड फूड्सः डिंपल जांगड़ा के मुताबिक़, हफ्ते में 40 अलग-अलग तरह के पौधे (सब्जियां, फल, अनाज) को अपनी डाइट में शामिल करने की कोशिश करनी चाहिए। जो लोग हफ़्ते में 30 से ज़्यादा तरह के प्लांट बेस्ड फूड्स का सेवन करते, उनमें 10 या उससे कम खाने वालों की तुलना में ज़्यादा विविधता वाला माइक्रोबायोम होता है। इसमें जड़ी-बूटियाँ, मसाले, बीज और नट्स भी शामिल हैं।

त्रिफलाः आंवला, विभीतकी और हरीतकी का कॉम्बिनेशन है त्रिफला। यह शरीर से गंदगी बाहर निकालने में मदद करता है और 'अकरमेन्सिया म्यूसिनिफिला' (Akkermansia muciniph-ila) के लिए प्रीबायोटिक का काम करता है।

शराब छोड़ेंः आंतों में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाने के लिए शराब छोड़ें। शराब माइक्रोबायोम, लिवर और नींद के लिए सबसे नुकसानदायक चीज़ों में से एक है।

# सितंबर में कुल 15 दिन रहेगी बैंकों की छुट्टी

इस साल सितंबर में देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 15 दिन बैंकों की छुट्टी रहेगी। सितंबर 2026 में 4 रविवार और 2 शनिवार की छुट्टियों के अलावा अलग-अलग स्थानीय त्योहारों की कुल 9 छुट्टियां रहेंगी। यहां हम जानेंगे कि आपके राज्य में किस दिन बैंकों की छुट्टी रहेगी। सितंबर 2026 में 6, 13, 20 और 27 तारीख को रविवार की वजह से देश के सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी। इसके अलावा, 12 सितंबर को महीने का दूसरा शनिवार और 26 सितंबर को महीने का चौथा शनिवार रहेगा, जिसकी वजह से पूरे देश में सभी बैंक बंद रहेंगे। इनके अलावा, देश के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग मौकों और स्थानीय त्योहारों की वजह से 4, 11, 12, 14, 15, 21, 22, 23 और 25 सितंबर को भी बैंकों की छुट्टी रहेगी।

4 सितंबर- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बड़े मौके पर त्रिपुरा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, दिल्ली और गोवा को छोड़कर पूरे देश में सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी।

11 सितंबर- जयपुर में होने वाले नगर निगम के चुनाव की वजह से शहर के सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी।

12 सितंबर- श्रीमंत शंकरदेव की तिरोभाव तिथि के मौके पर असम में सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी।

14 सितंबर- महाराष्ट्र, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, गोवा और आंध्र प्रदेश में गणेश चतुर्थी, गणेश पूजा, वारासिद्धि विनायक व्रत, विनायक चतुर्थी, हरतालिका तीज के मौके पर सभी बैंक बंद रहेंगे।

15 सितंबर- गुजरात, ओडिशा और गोवा में संवत्सरी (चतुर्थी पक्ष), नुआखाई महोत्सव, गणेश चतुर्थी (दूसरा दिन) के मौके पर सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी।

22 सितंबर- झारखंड में कर्मा पूजा के मौके पर सभी बैंकों की छुट्टी रहेगी।

# 34 की उम्र में गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने किए ये बदलाव, 10 साल बाद भी फिट और हेल्दी रहने में मिल रही मदद



अगर आप चाहते हैं कि बढ़ती उम्र के साथ भी शरीर फिट रहे तो इसकी शुरुआत आज से करनी चाहिए।

रोजाना किए गए छोटे-छोटे, बदलाव लंबे समय में आपकी सेहत पर बड़ा असर डाल सकते हैं। कैलिफ़ोर्निया में रहने वाले गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ सेठी, ने अपनी लाइफस्टाइल में किए ऐसे ही बदलाव साझा किए हैं।

27 अगस्त को शेयर किए गए इंस्टाग्राम वीडियो में,उन्होंने बताया कि 44 साल की उम्र में वह 34 साल की उम्र की तुलना में खुद को ज्यादा बेहतर महसूस करते हैं और इसके पीछे उनकी बदली हुई आदतों की भूमिका है।

खाना खाने के बाद वॉकः डॉ. सौरभ सेठी कहते हैं कि वे खाना खाने के बाद वॉक ज़रूर करते हैं। थोड़ी देर टहलने से ग्लूकोज लेवल में होने वाली स्पाइक्स को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

डाइट में शामिल किया प्लांट-बेस्ड फूड्सः डॉ. सौरभ सेठी हर हफ़्ते 30 से ज़्यादा अलग-अलग तरह के प्लांट-बेस्ड फूड्स का सेवन करते हैं। अलग-अलग तरह के पौधों से मिलने वाले खाद्य पदार्थों में अलग-अलग पोषक तत्व होते हैं। जो लोग हफ़्ते में 30 से ज़्यादा तरह के प्लांट-बेस्ड फूड्स खाते थे, उनमें गट माइक्रोबियल डाइवर्सिटी उन लोगों की तुलना में ज़्यादा थी जो 10 से कम तरह के ऐसे फूड्स खाते थे।

सोने से 2-3 घंटे पहले खानाः देर से खाना खाने से रात के समय ग्लूकोज कंट्रोल खराब हो सकता है और खाना खाने के तुरंत बाद लेट जाने से रिफ्लक्स (एसिडिटी) का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए सोने से 2-3 घंटे पहले खाना खा लेना चाहिए।

हफ़्ते में 2-3 बार वेट ट्रेनिंगः डॉक्टर हफ्ते में दो से तीन बार वेट लिफ्टिंग करते हैं। उनके अनुसार उम्र बढ़ने के साथ मसल्स मास को बनाए रखने और हड्डियों की मजबूती में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग अहम भूमिका निभाती है।

रोज़ाना 30 ग्राम से ज्यादा फाइबरः डॉक्टर कहते हैं कि वे रोज़ाना 30 ग्राम से ज़्यादा फाइबर लेने की कोशिश करते हैं। ज़्यादा फाइबर लेने से दिल की बीमारी, टाइप 2 डायबिटीज़, कोलोरेक्टल कैंसर और समय से पहले मौत का ख़तरा कम होता है।

7-9 घंटे की नींदः अच्छी सेहत के लिए डाइट और एक्सरसाइज़ के साथ-साथ नींद भी एक ज़रूरी चीज़ है।

# क्या नींद की कमी से बढ़ा सकता है हाइपरटेंशन का खतरा? जानिए क्या कहते हैं डॉक्टर



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में देर रात तक मोबाइल चलाना या काम करना लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया है। इसका सबसे बड़ा असर हमारी नींद पर पड़ता है। कई लोग यह सोचते हैं कि 5-6 घंटे की नींद काफी है, लेकिन ऐसा नहीं है। इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अमेय अमोनकर ने अपने यू ट्यूब पर वीडियो शेयर कर यह बताया है कि लगातार कम नींद लेना हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन के खतरे को बढ़ा सकता है। डॉ. अमोनकर बताते हैं कि जब हम गहरी नींद में होते हैं, तो शरीर रेस्ट मोड में चला जाता है। इस दौरान दिमाग की गतिविधि धीमी हो जाती है, हार्ट रेट कम होने लगता है और रक्त वाहिकाएं रिलैक्स हो जाती हैं। इससे दिल पर दबाव कम पड़ता है और ब्लड प्रेशर नीचे आने लगता है। अगर आप रोजाना अच्छी नींद नहीं लेते हैं, तो शरीर लगातार अलर्ट मोड में बना रहता है। इससे स्ट्रेस हार्मोन कॉर्टिसोल का स्तर बढ़ जाता है, हार्ट रेट सामान्य से अधिक रहता है और सिम्पैथेटिक नर्वस सिस्टम लगातार सक्रिय रहता है। इसका असर ब्लड प्रेशर पर पड़ता है और समय के साथ हाइपरटेंशन का खतरा बढ़ सकता है। डॉ. अमोनकर के अनुसार, जो लोग नियमित रूप से 6 घंटे से कम सोते हैं, उनमें हाई ब्लड प्रेशर होने का खतरा 30 से 40 प्रतिशत तक हो सकता है। उनका कहना है कि यदि नर्वस सिस्टम को पर्याप्त आराम नहीं मिलता, तो केवल अच्छी डाइट से समस्या पूरी तरह नियंत्रित नहीं होती। कई मामलों में ब्लड प्रेशर की दवाओं का असर भी सीमित हो सकता है और अगली सुबह बीपी सामान्य से अधिक रह सकता है। पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण नींद शरीर को रिकवर होने का समय देती है। इससे हार्ट रेट सामान्य रहता है, रक्त वाहिकाएं रिलैक्स होती हैं, तनाव कम होता है और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। इसलिए हृदय को स्वस्थ रखने के लिए हर रात 8 से 9 घंटे की अच्छी नींद लेना जरूरी है। आज की व्यस्त जीवनशैली में देर रात तक मोबाइल चलाना, काम करना और सुबह जल्दी उठना आम हो गया है। इसका सीधा असर लोगों की नींद पर पड़ रहा है। कई लोग 5-6 घंटे की नींद को पर्याप्त मानते हैं, लेकिन लगातार कम नींद लेना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

# 1 सितंबर से बदलने जा रहे हैं LPG से लेकर e-KYC तक के नियम, जानें आप पर क्या पड़ेगा असर

भारत में प्रत्येक नया महीना अपने साथ कई तरह के नए नियम लेकर आता है। बीते महीनों की तरह, 1 सितंबर से शुरू हो रहा नया महीना भी कई तरह के नए नियम या बदले हुए नियम लेकर आ रहा है। यहां हम जानेंगे कि 1 सितंबर से कौन-कौन से नियम बदलने जा रहे हैं। इसके साथ ही, हम ये भी जानेंगे कि संशोधित नियमों से आप पर क्या असर पड़ेगा? देश की तमाम ऑयल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की 1 तारीख को जरूरत के आधार पर घरेलू और वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव करती हैं।

पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से ऊर्जा की सप्लाई में आई भीषण बाधा की वजह से देश में एलपीजी की कीमतों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। हालांकि, पिछली बार यानी 1 अगस्त को 19 किलो वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 202 रुपये की कटौती की गई थी। हालांकि, घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई राहत नहीं दी गई थी। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां एलपीजी की कीमतों के साथ ही, एटीएफ (विमान ईंधन), सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में भी जरूरत के हिसाब से बदलाव करती हैं। ये कंपनियां बीते महीनों की तरह ही, 1 सितंबर को भी एटीएफ, सीएनजी और पीएनजी की नई कीमतें जारी करेंगी। अगर आपने 31 अगस्त तक अपने एलपीजी गैस कनेक्शन के लिए ई-केवाईसी नहीं कराया तो 1 सितंबर से आपको गैस सिलेंडर मिलने में काफी दिक्कतें हो सकती हैं।

# Canara Bank में 444 दिनों की FD पर कितना मिल रहा है ब्याज

पब्लिक सेक्टर का केनरा बैंक अपने ग्राहकों को फिक्स्ड डिपोजिट (FD) खातों पर शानदार रिटर्न दे रहा है। केनरा बैंक में कम से कम 7 दिनों की अवधि के लिए एफडी खाता खुलवाया जा सकता है। इसके अलावा, अगर आप लंबी अवधि के लिए एफडी में निवेश करना चाहते हैं तो आप इस सरकारी बैंक में अधिकतम 10 साल के लिए भी एफडी करा सकते हैं। आज हम यहां जानेंगे कि केनरा बैंक में 444 दिनों की एफडी में कितना ब्याज मिल रहा है? इसके साथ ही, हम ये भी जानेंगे कि केनरा बैंक में 444 दिनों की एफडी स्कीम पर सीनियर सिटीजन को क्या अतिरिक्त फायदे मिल रहे हैं? केनरा बैंक 3 करोड़ रुपये से कम अमाउंट वाले कॉलेबल एफडी खातों पर 3.00 प्रतिशत से लेकर 7.20 प्रतिशत तक का ब्याज दे रहा है। ये बैंक अपने ग्राहकों के लिए 444 दिनों की एक स्पेशल एफडी स्कीम चला रहा है। इस स्पेशल एफडी स्कीम पर केनरा बैंक अपने ग्राहकों को 6.50 प्रतिशत से लेकर 7.10 प्रतिशत तक का ब्याज दे रहा है। केनरा बैंक 444 दिनों के एफडी खातों पर 59 साल तक के सभी ग्राहकों को 6.50 प्रतिशत का ब्याज दे रहा है। जिन ग्राहकों की उम्र 60 साल या इससे ज्यादा है, उन्हें 444 दिनों की एफडी स्कीम पर 7.00 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है।

# दिल्ली से इटावा, अलीगढ़ के रास्ते कानपुर के लिए चलेंगी 2 नई स्पेशल ट्रेनें, चेक करें पूरा रूट और टाइम टेबल

देश की राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े शहर कानपुर के बीच रेल कनेक्टिविटी और भी ज्यादा मजबूत होने जा रही है। भारतीय रेल ने दिल्ली से इटावा, अलीगढ़ के रास्ते कानपुर तक दो नई स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। इनमें से एक ट्रेन नई दिल्ली और कानपुर सेंट्रल के बीच चलेगी। जबकि, दूसरी ट्रेन दिल्ली के आनंद विहार से कानपुर सेंट्रल के बीच चलाई जाएगी। भारतीय रेल ने इन दोनों स्पेशल ट्रेनों की डिटेल्स शेयर की हैं। इन दो स्पेशल ट्रेनों के चलने से दिल्ली और कानपुर के बीच यात्रा करना काफी आरामदेह और सुविधाजनक होगा। कानपुर, उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक और वाणिज्यिक केंद्र भी है और इन ट्रेनों से व्यापारियों को भी काफी लाभ मिलेगा। नई दिल्ली से कानपुर तक चलने वाली ट्रेन नंबर-02456, नई दिल्ली-कानपुर सेंट्रल स्पेशल ट्रेन 7 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार सुबह 07:45 बजे प्रस्थान करेगी। ये ट्रेन अलीगढ़ से 09:52 बजे, इटावा से 11:55 बजे होते हुए 13:15 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। वापसी में, कानपुर से नई दिल्ली तक चलने वाली ट्रेन नंबर-02455, कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 7 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को 15:00 बजे प्रस्थान करेगी। ये ट्रेन इटावा से 16:20 बजे, अलीगढ़ से 18:15 बजे होते हुए रात 20:20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन में 5 स्लीपर क्लास, 15 थर्ड क्लास एसी और 2 SLR कोच समेत कुल 22 कोच होंगे।

# दिल्ली के होटलों में 1 रात का किराया 1 लाख रुपये के पार, कई लग्जरी होटलों में फुल हुई बुकिंग

दिल्ली के लग्जरी होटलों में कमरों की डिमांड काफी ज्यादा बढ़ गई है। जबरदस्त डिमांड की वजह से लग्जरी होटल में कमरों के किराये में भी भारी उछाल देखने को मिल रहा है। दिल्ली के कई प्रमुख होटलों में महत्वपूर्ण तारीखों के लिए या तो कमरे उपलब्ध नहीं हैं या फिर एक रात का किराया लाखों रुपये में मांगा जा रहा है। दिल्ली में आयोजित होने जा रहे ब्रिक्स समिट की वजह से होटलों में कमरों की भारी डिमांड देखने को मिल रही है। होटल बुकिंग प्लेटफॉर्म पर 11-13 सितंबर के लिए की गई पड़ताल में नई दिल्ली के होटल ताज महल और ताज पैलेस में कोई कमरा उपलब्ध नहीं दिखा, जबकि द ओबेरॉय इस दौरान कुछ हिस्सों के लिए पूरी तरह से बुक था। द लीला पैलेस भी इन तारीखों के लिए नई बुकिंग नहीं ले रहा है। आईटीसी मौर्या और शांगरी-ला इरोज जैसे होटलों में जो कमरे उपलब्ध थे, उनके लिए 1-1 लाख रुपये से भी ज्यादा किराया मांगा जा रहा था, जो 12-13 सितंबर के ब्रिक्स समिट के आसपास राजधानी में ठहरने के लिए प्रीमियम मांग को दर्शाता है। ऐसे में दिल्ली आने वाले टूरिस्ट्स, कारोबारियों और अन्य लोगों को भी होटल में ठहरने के लिए काफी ज्यादा किराया चुकाना पड़ सकता है।

# FPIs ने अगस्त में किया 30,919 करोड़ रुपये का निवेश



भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) का भरोसा धीरे-धीरे लौटता दिखाई दे रहा है। एफपीआई ने अगस्त में भारतीय शेयर बाजार में 30,919 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसके साथ ही विदेशी निवेशकों की खरीदारी का सिलसिला लगातार दूसरे महीने भी जारी रहा। FPI ने जुलाई में भी घरेलू बाजार में 20,200 करोड़ रुपये का निवेश किया था। विदेशी निवेशकों की लगातार दो महीने की खरीदारी को बाजार में संभावित रुख बदलने का शुरुआती संकेत माना जा रहा है। CDSL के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एफपीआई ने मार्च से जून तक भारतीय शेयर बाजार से भारी निकासी की थी। मार्च में उन्होंने 1,17,000 करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये और जून में 49,340 करोड़ रुपये निकाले थे। हालांकि, फरवरी में एफपीआई ने 22,615 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे। हालांकि, साल 2026 में अब तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से कुल मिलाकर 2,23,000 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। ये आंकड़ा साल 2025 में दर्ज 1,66,000 करोड़ रुपये की निकासी से काफी ज्यादा है। इससे मुनाफे में सुस्ती को लेकर पहले बनी चिंताएं कुछ कम हुई हैं।

# भारती एयरटेल के मार्केट कैप में ₹40,500.85 करोड़ की भारी गिरावट- रिलायंस

बीते हफ्ते घरेलू शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। इस गिरावट के कारण सेंसेक्स की सबसे बड़ी 10 में से 7 कंपनियों के मार्केट कैप में 1,13,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। जबकि, बाकी की 3 कंपनियों के मार्केट कैप में 21,718.47 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बताते चलें कि पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 276.32 अंक यानी 0.35 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ था। जबकि, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 76.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ था। पिछले हफ्ते जिन कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट दर्ज की गई, उनमें भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो (L&T), भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के नाम शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर, इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS), आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (SBI) का मार्केट कैप बढ़त लेकर बंद हुआ। इस दौरान, भारती एयरटेल के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। भारती एयरटेल का मार्केट कैप 40,500.85 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 11,74,462.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैल्यूएशन 40,056.32 करोड़ रुपये घटकर 17,38,119.27 करोड़ रुपये पर आ गई। एचडीएफसी बैंक की मार्केट वैल्यू भी 11,558.35 करोड़ रुपये घटकर 11,09,600.70 करोड़ रुपये रह गई। इनके अलावा, बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में 10,086.05 करोड़ रुपये की गिरावट आई और ये 6,70,535.57 करोड़ रुपये पर आ गया। इनके साथ ही, लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का मार्केट कैप भी 6,473.45 करोड़ रुपये घटकर 5,55,987.49 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय जीवन बीमा निगम की वैल्यूएशन 3,162.5 करोड़ रुपये घटकर 5,32,817.81 करोड़ रुपये रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर की मार्केट वैल्यू 1,550.73 करोड़ रुपये घटकर 4,72,361.83 करोड़ रुपये पर आ गई। जबकि दूसरी ओर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मार्केट कैप में 16,643.20 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और ये बढ़कर 8,48,079.71 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की मार्केट वैल्यूएशन 4,475.28 करोड़ रुपये बढ़कर 10,22,805.73 करोड़ रुपये हो गई। इनके अलावा, भारतीय स्टेट बैंक के मार्केट कैप में भी 599.99 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और ये चढ़कर 9,65,568.75 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज अभी भी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी हुई है।



## KPSC भर्ती परीक्षा में अनियमितता के आरोप

कर्नाटक लोक सेवा आयोग (KPSC) की ओर से आयोजित वेटरनरी ऑफिसर्स की परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मामले में कर्नाटक पुलिस की अपराध जांच विभाग (CID) ने IAS अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार को हिरासत में लिया। गंगवार वर्तमान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) विभाग के निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें KPSC द्वारा आयोजित वेटरनरी ऑफिसर्स की परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के सिलसिले में घंटों पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि ज्ञानेंद्र कुमार, जो गड़बड़ियों के समय KPSC में परीक्षा नियंत्रक (Controller of Examinations) के तौर पर काम कर रहे थे, पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं कर रहे थे, जिसके कारण उन्हें हिरासत में लिया गया। ज्ञानेंद्र कुमार हाल ही में तब चर्चा में आए थे जब वे 20 अगस्त से दो दिनों तक संपर्क से बाहर रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने सरकार से संपर्क किया। 23 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बेंगलुरु में उनके घर की तलाशी ली थी। जांच अपने हाथ में लेने के बाद CID ने परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और अन्य लोगों से पूछताछ शुरू की।

## 'राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे, अगर TVK सहमत नहीं हुई तो 2 मंत्री दे देंगे इस्तीफा'



तमिलनाडु में मुख्यमंत्री जोसेफ विजय TVK के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार चला रहे हैं। उनकी सरकार में कांग्रेस का भी अहम रोल है। हालांकि, अब कांग्रेस के एक मंत्री ने TVK को ऐसी चेतावनी दी है जिससे दोनों दलों के बीच खटास सामने आ सकती है। तमिलनाडु सरकार के मंत्री और कांग्रेस नेता राजेश कुमार ने TVK को चेतावनी दी है कि अगर उसने इस बात पर सहमति नहीं जताई की राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे, तो ऐसे में कांग्रेस के दो मंत्री अपना पद छोड़ देंगे। तमिलनाडु के कन्याकुमारी में एक सभा को संबोधित करते हुए राज्य सरकार के मंत्री राजेश कुमार ने कहा- "राहुल गांधी (कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष) साल 2029 में भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। अगर तमिलगा वेट्री कझगम (TVK) इससे सहमत नहीं होती है, तो TVK कैबिनेट में शामिल कांग्रेस के दो मंत्री अपने पदों से इस्तीफा दे देंगे।" माना जा रहा है कि मंत्री राजेश कुमार की इस टिप्पणी से तमिलनाडु की राजनीति में नया विवाद शुरू हो सकता है। आपको बता दें कि 1967 के बाद पहली बार तमिलनाडु में द्रमुक या अन्नाद्रमुक के अलावा किसी अन्य पार्टी ने सत्ता संभाली है। सीएम जोसेफ विजय की सरकार में कांग्रेस अहम रोल निभा रही है। राज्य विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 118 सीटों का है। ऐसे में TVK के पास 108 सीटें हैं। इसके अलावा सत्ता पक्ष को कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। इसके अलावा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) प्रत्येक के 2 विधायकों ने टीवीके सरकार को बाहर से समर्थन दिया है। TVK ने समर्थन के बदले में कांग्रेस को 2 मंत्री पद और राज्यसभा की भी सीट दी है। दूसरी ओर TVK की सरकार ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि राज्य सचिवालय में सुरक्षा की समीक्षा के बाद, तमिलनाडु पुलिस के कोर सेल सिक्योरिटी विंग ने पूर्व मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सुरक्षा को Z+ से घटाकर Z कैटेगरी का कर दिया है। इसका मतलब है कि स्टालिन की सुरक्षा में तैनात कर्मियों की संख्या 54 से घटाकर 34 कर दी गई है। तमिलनाडु की राजनीति में सत्तारूढ़ तमिलगा वेट्री कझगम (TVK) और कांग्रेस के बीच मतभेद के संकेत मिलने लगे हैं। राज्य सरकार में मंत्री और कांग्रेस नेता राजेश कुमार ने TVK को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि पार्टी 2029 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाए जाने के कांग्रेस के लक्ष्य से सहमत नहीं होती है, तो सरकार में शामिल कांग्रेस के दो मंत्री अपने पदों से इस्तीफा दे देंगे। कन्याकुमारी में एक सभा को संबोधित करते हुए राजेश कुमार ने कहा कि राहुल गांधी 2029 में देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि यदि TVK इस बात से सहमत नहीं है तो TVK सरकार में शामिल कांग्रेस के दोनों मंत्री अपने पद छोड़ देंगे। उनके इस बयान के बाद राज्य की सियासत में नए विवाद की आशंका जताई जा रही है। तमिलनाडु में मौजूदा राजनीतिक समीकरण भी काफी दिलचस्प हैं। विधानसभा में बहुमत के लिए 118 सीटों की जरूरत बताई गई है।

## गुमशुदगी की खबर के बीच कैलाश मानसरोवर से 93 लोगों के साथ लौटीं अभिनेत्री मानसी पारेख

ईशा फाउंडेशन के साथ कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गया 93 लोगों का ग्रुप आज मुंबई वापस लौट आया। यात्रियों के मुंबई एयरपोर्ट पहुंचते ही वहां भावुक कर देने वाला नजारा देखने को मिला। लंबे इंतजार के बाद परिवार से मिले लोगों की आंखों से आंसू छलक पड़े। कोई मां अपने बेटे से लिपटकर रोती नजर आई तो कहीं भाई-बहन ने एयरपोर्ट पर ही राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया। इन यात्रियों में अभिनेत्री मानसी पारेख भी शामिल थीं, जो ईशा फाउंडेशन के साथ कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गई थीं। यात्रा के दौरान शुरुआत में उनके गुमशुदा होने की खबर सामने आई थी। हालांकि, अब मानसी पारेख सुरक्षित मुंबई लौट आई हैं। उन्होंने इंडिया टीवी से बातचीत में पूरी घटना और यात्रा का अनुभव साझा किया। जानकारी के मुताबिक, कपोल सोशल ग्रुप के साथ कुल 93 लोग कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गए थे। इसके अलावा नेपाल घूमने गए कई अन्य लोग भी आज मुंबई वापस लौटे। मुंबई एयरपोर्ट के बाहर यात्रियों के परिजन बेसब्री से अपने परिवार के सदस्यों का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही यात्री एयरपोर्ट से बाहर निकले, परिवार से मिलते ही कई लोग भावुक हो गए। लंबे समय बाद अपनों को देखकर कई यात्रियों और परिजनों की आंखों से आंसू छलक पड़े। एयरपोर्ट पर यात्रियों के परिजनों के लिए यह पल बेहद भावुक कर देने वाला था। परिवार से मिलते ही लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाया और यात्रा के दौरान के अनुभव साझा किए। वहीं, एक भाई-बहन ने एयरपोर्ट पर ही राखी का त्योहार मनाया। बहन ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी तो दोनों भावुक नजर आए। कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे यात्रियों ने भगवान शिव को याद किया। मुंबई एयरपोर्ट पर यात्रियों और उनके परिजनों ने 'हर हर महादेव' के जोरदार जयकारे लगाए। इस दौरान मंत्रोच्चार भी किया गया। यात्रा से लौटे लोगों के चेहरे पर थकान के साथ-साथ सुरक्षित घर पहुंचने की खुशी साफ दिखाई दी। एयरपोर्ट का माहौल कुछ देर के लिए आध्यात्मिक और भावुक हो गया। कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान अभिनेत्री मानसी पारेख के कथित तौर पर लापता होने की खबर सामने आने के बाद उनके प्रशंसकों और परिवार में चिंता का माहौल बन गया था। अब उनके सुरक्षित भारत लौटने के बाद यह चिंता खत्म हो गई है। मानसी पारेख ने इंडिया टीवी से बातचीत में कैलाश मानसरोवर यात्रा से जुड़ी पूरी दास्तान बताई और इस दौरान सामने आई गुमशुदगी की खबर पर भी अपनी बात रखी। ईशा फाउंडेशन के साथ कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गया 93 लोगों का दल आज मुंबई लौट आया। यात्रियों के मुंबई एयरपोर्ट पहुंचते ही भावुक कर देने वाला माहौल देखने को मिला। लंबे इंतजार के बाद अपनों से मिलने की खुशी में कई यात्रियों और परिजनों की आंखों से आंसू छलक पड़े। परिजनों ने यात्रियों को गले लगाकर उनका स्वागत किया।

## राहुल गांधी पर हल्द्वानी में FIR, 'शुद्धिकरण' पर सियासी घमासान, SC-ST एक्ट में दर्ज हुआ केस



उत्तराखंड में राहुल गांधी के खिलाफ हल्द्वानी में FIR दर्ज की गई है। अब शुद्धिकरण को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप है कि शुद्धिकरण की घटना को जातिगत रंग देने और सामाजिक माहौल प्रभावित करने की कोशिश की गई। जानकारी के मुताबिक, राहुल गांधी के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया है। शिकायत श्रीराम सेना धर्मार्थ सेवा न्यास की ओर से दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मामले में SC-ST एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। इसके अलावा BNS की धारा 196 और 299 के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता पक्ष का आरोप है कि शुद्धिकरण से जुड़े मामले को जातिगत मुद्दा बनाकर पेश किया गया, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। इसी आरोप को लेकर पुलिस से शिकायत की गई और FIR दर्ज कराई गई। FIR दर्ज होने के बाद उत्तराखंड में इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी तेज होने की संभावना है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और FIR में लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच की जा रही है। वहीं, राहुल गांधी की ओर से इस FIR और लगाए गए आरोपों पर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## नेपाल में लापता हुए पूर्व मद्रास हाई कोर्ट के जज को खोजने की मांग, CJI से मदद की अपील



नेपाल में यात्रा के दौरान लापता हुए पूर्व मद्रास हाई कोर्ट के जज और सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट जस्टिस वी. शिवगणनम को खोजने के लिए दिल्ली तमिल एडवोकेट्स एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से मदद की अपील की है। एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस से कहा है कि वे भारत सरकार और संबंधित अधिकारियों से बात कर जस्टिस शिवगणनम को जल्द खोजने में मदद करें। जस्टिस शिवगणनम तमिल तीर्थयात्रियों के एक समूह के साथ नेपाल गए थे। उनके साथ यात्रा कर रहे लोगों की बस की एक तस्वीर में भी उनकी मौजूदगी दर्ज है। 26 अगस्त की सुबह उन्होंने अपनी पत्नी को व्हाट्सऐप पर फोन किया था। इसके बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया। एसोसिएशन के मुताबिक, दूसरी बस में यात्रा कर रहे कुछ लोगों को नेपाल के तिमुरे इलाके में एपीएफ नेपाल बॉर्डर आउटपोस्ट के पास बचाया गया। इन लोगों ने परिवार को बताया कि जस्टिस शिवगणनम जिस बस में थे, वह उनकी बस से करीब 100 से 200 मीटर की दूरी पर थी। इसके बाद से परिवार उनकी सुरक्षा और उनके ठिकाने को लेकर काफी चिंतित है। एसोसिएशन ने चीफ जस्टिस से अपील की है कि इस मामले को भारत सरकार और नेपाल से जुड़े अधिकारियों तक पहुंचाया जाए। जस्टिस शिवगणनम को जल्द से जल्द खोजने के लिए हर संभव कदम उठाया जाए। साथ ही उनकी सुरक्षित भारत वापसी में मदद करने की भी मांग की गई है। जस्टिस शिवगणनम ने भारतीय न्यायपालिका में करीब 34 साल काम किया है। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 23 जुलाई 2025 से सीनियर एडवोकेट बनाया था। यह अपील दिल्ली तमिल एडवोकेट्स एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर राम शंकर ने 30 अगस्त 2026 को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को भेजी है। बता दें कि नेपाल में अचानक आई भीषण बाढ़ से मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 788 हो गई। शवों के मिलने का सिलसिला जारी रहने के बीच, अधिकारियों ने भोटेकोशी नदी में जलस्तर बढ़ने की चेतावनी जारी की और बाढ़ प्रभावित जिलों में रहने वाले लोगों तथा बचावकर्मियों से अलर्ट रहने की अपील की। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (NDRRMA) ने बताया कि इस त्रासदी में मृतकों की संख्या बढ़कर 788 हो गई है, जबकि करीब 9500 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

## कालका-शिमला रेलवे रूट पर पटरी के नीचे लैंडस्लाइड, 10 ट्रेनें कैंसिल; 400 से अधिक यात्रियों को किया गया रेस्क्यू

**हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में कालका-शिमला रेलवे रूट पर पटरी के नीचे से जमीन खिसक गई।**



नई दिल्ली। इस वक्त की बड़ी खबर हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले से सामने आ रही है। यहां ट्रेन की पटरी के नीचे से मिट्टी खिसकने की वजह से कई ट्रेनें कैंसिल कर दी गईं। नॉर्दर्न रेलवे ने रविवार को बताया कि कालका-शिमला रूट पर पहाड़ खिसकने से ट्रेन सेवा बाधित हो गई। यहां एक कनेक्टिंग ब्रिज का कुछ हिस्सा खुला रह गया, जिसके बाद कम से कम 391 यात्रियों और ट्रेन के 40 क्रू सदस्यों को सुरक्षित कालका पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक लगातार बारिश के कारण पहाड़ खिसकने से शनिवार रात को कोटी और घुम्मन स्टेशनों के बीच ट्रैक का एक हिस्सा कमजोर हो गया। रेलवे के एक प्रेस नोट में कहा गया, "शिमला-कालका UNESCO वर्ल्ड हेरिटेज सेक्शन पर कोटी और घुम्मन स्टेशनों के बीच ब्रिज नंबर 57 पर पहाड़ खिसकने के बाद, नॉर्दर्न रेलवे के अधिकारियों ने तुरंत और बिना किसी परेशानी के बचाव अभियान चलाया, ताकि यात्रियों को कोई दिक्कत न हो।" इस घटना के बाद आने वाली चार ट्रेनों को बीच में ही रोक दिया गया। रेलवे ने बताया कि सोलन, कोटी और धर्मपुर से 400 से ज़्यादा यात्रियों और ट्रेन क्रू सदस्यों को पांच बसों और दो टेम्पो ट्रैवलर में बिठाकर ले जाया गया। प्रेस नोट में कहा गया कि जहां स्थानीय यात्रियों को उनकी मंज़िल तक पहुंचाया गया, वहीं लगभग 120 यात्रियों को ट्रेन नंबर 13052 में जगह दी गई, जिसका समय बदलकर खास तौर पर रात 1.30 बजे कर दिया गया था। सार्वजनिक ट्रांसपोर्टर ने कहा, "नॉर्दर्न रेलवे के कर्मचारियों की त्वरित कार्रवाई, कुशल ट्रांसशिपमेंट और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल के कारण, पूरा ऑपरेशन सुचारू रूप से चलाया गया और कालका स्टेशन पर किसी भी यात्री की कोई शिकायत या रिफंड का अनुरोध दर्ज नहीं किया गया।" इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि सोलन जिले में रेलवे ट्रैक के एक हिस्से के नीचे से मिट्टी बह जाने के कारण शिमला-कालका नैरो गेज रेलवे लाइन पर दस ट्रेनें रद्द कर दी गईं। इस वजह से आमतौर पर वीकेंड पर पर्यटकों और यात्रियों से गुलजार रहने वाला शिमला स्टेशन रविवार को काफी शांत था। इस मानसून में बारिश और भूस्खलन के कारण कालका-शिमला हेरिटेज रेल लाइन पर ट्रेन सेवा कई बार बाधित हुई है। 96 किलोमीटर लंबी शिमला-कालका लाइन, जो बेहद खूबसूरत लेकिन मुश्किल रास्तों से होकर गुजरती है, इंजीनियरिंग का एक शानदार नमूना और पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण है। इस लाइन में 102 सुरंगें, 800 पुल और 919 मोड़ हैं। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन और मिट्टी खिसकने से कालका-शिमला हेरिटेज रेल लाइन पर ट्रेन सेवा बाधित हो गई। कोटी और घुम्मन रेलवे स्टेशनों के बीच ट्रैक का एक हिस्सा कमजोर होने के बाद रेलवे ने एहतियातन 10 ट्रेनों को रद्द कर दिया। इससे वीकेंड पर शिमला घूमने पहुंचे पर्यटकों और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नॉर्दर्न रेलवे के मुताबिक, शनिवार रात लगातार बारिश के चलते कोटी और घुम्मन के बीच ब्रिज नंबर 57 के पास पहाड़ खिसक गया। इससे ट्रैक के नीचे की मिट्टी बह गई और कनेक्टिंग ब्रिज का एक हिस्सा प्रभावित हुआ।

## "देश में यंग क्रिएटर्स की कमी नहीं", 'मन की बात' के 137वें एपिसोड में बोले PM मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम के 137वें एपिसोड को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'मन की बात' एक ऐसा मंच है, जहां हम नए प्रयासों को सामने लाते हैं। पीएम मोदी ने युवाओं को इतिहास के ज्ञान को आसानी से प्राप्त करने के लिए bharatrajya.com वेबसाइट पर जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस वेबसाइट पर कोई भी एक साल चुनें और आपको पता चल जाएगा कि उस समय भारत के किस हिस्से पर किसने शासन किया था। इस वेबसाइट को मुंबई के कृष्णा शेषाद्रि ने बनाया है। पीएम मोदी ने कहा कि कृष्णा शेषाद्रि की यह कोशिश न सिर्फ इतिहास के छात्रों के लिए फायदेमंद होगी, बल्कि इससे हमें इतिहास को दिलचस्प तरीके से सीखने में भी मदद मिलेगी। 'मन की बात' में पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी से एकजुट होकर #नशामुक्तभारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया है, ताकि हमारे युवा नशे से दूर रहें और स्वस्थ, उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में युवा इससे जुड़ रहे हैं। इस अभियान का लक्ष्य साफ है- हमें देश के युवाओं को नशे से दूर रखना और भारत को ड्रग्स से मुक्त बनाना है।

## जंगली जानवर गौर के हमले में शख्स की मौत, सदमे में उसके चचेरे भाई को आ गया हार्ट अटैक; परिवार में एक साथ 2 की जान गई



केरल में कोझिकोड के पास गौर के हमले में एक शख्स की मौत हो गई जिसके बाद कथित तौर पर सदमे से उसके एक रिश्तेदार की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। हादसे के बाद लोकल लोगों ने इलाके में जंगली जानवरों की प्रॉब्लम के स्थायी हल का आश्वासन मिलने तक दोनों शवों का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया है। बता दें कि विलंगड की वायाड कॉलोनी के रहने वाले 40 साल के सुनील पर शनिवार को उस वक्त गौर ने अटैक कर दिया, जब वह वन अधिकारियों के साथ मिलकर एक रिहायशी इलाके से गौर के झुंड को वहां से खदेड़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान, गौर के हमले में सुनील की मौत हो गई। जान लें कि पोस्टमार्टम के बाद शनिवार की रात लगभग 11 बजे उनकी बॉडी घर लाई गई। केरल पुलिस के मुताबिक, सुनील की मौत की खबर मिलने के बाद सदमे में उनके चचेरे भाई विजेश की भी मौत हो गई। विजेश को हार्ट अटैक आ गया और जान चली गई। इससे पूरे परिवार में मातम छा गया है। अफसरों के मुताबिक, लोकल लोगों का कहना है कि इलाके में जंगली जानवर गौर की प्रॉब्लम का स्थायी हल होने तक दोनों को अंतिम विदाई नहीं दी जाएगी। ग्रामीणों ने सुनील की फैमिली को 25 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की डिमांड की है। इस मामले पर लोकल विधायक के. एम. अभिजीत बोले कि कार्रवाई करने से पहले उस गौर की पहचान जरूरी है, जिसने सुनील पर अटैक किया था। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर शनिवार की रात अफसरों के साथ चर्चा हुई है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 (राजस्थान) से मुद्रित व प्लॉट नंबर - 12 सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12सी, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान - 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJBIL/26/A5611 प्रबंध सम्पादक - गजेंद्र सिंह राठौड़, मो . 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in